हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 249, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 12 मार्च, 2024 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## गाजीपुर : हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बस में लगी आग, छह लोगों की मौत

### जिलाधिकारी ने मृतक आश्रित को पांच लाख रुपए की घोषणा की



गाजीपुर। गाजीपुर के मरदह क्षेत्र के महाहरधाम मंदिर के पास भैरो मंदिर पर शादी के लिए आ रहे वधू पक्ष के लोगों की बस में हाईटेंशन तार को छू जाने से आग लग गई और बस धू-धूकर जल उठी। बस में सवार सभी लोगों के जलने की आंशका जताई गई है। वहीं डीएम ने मृतक आश्रित को पांच लाख रुपए की घोषणा की है। मऊ के रानीपुर क्षेत्र के खीरियां खाजा निवासी लड़की की शादी जनपद के मुहम्मदाबाद के महमूदपुर गांव में तय थी। शादी महाहरधाम के समीप भैरो मंदिर पर होनी थी। लड़की पक्ष के लोग मऊ से भैरो मंदिर पर आ रहे थे। महाहरधाम मंदिर के समीप बैरियर पर बस रोक दी गई। दुल्हन बस से उतरकर पैदल ही मंदिर पर चली गई। इसके बाद बस चालक ने बस को नहर पटरी के रास्ते से घुमाकर मंदिर पर ले जाने लगा। इस बीच रास्ते में लटक रहे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार बस से छू गया। इसके बाद तो बस धू-धूकर जलने लगी। बस में सवार लोगों में से छह की मौत की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हुई है। वहीं दस घायल लोगों को अस्पताल भेज दिया गया है। बिजली आपूर्ति बंद कराने तक बस पूरी तरह से जल चुकी। उसमें सवार लोगों की पहचान नहीं हो पा रही है। स्वजन को बुलाया गया है। डीएम आर्यका अखौरी, एसपी ओमवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख पति धर्मेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। भीड़ ने पथराव शुरू किया। इसमें भाजपा नेता आशुतोष चौबे सहित कई लोगों को चोटें आयीं हैं। आग की घटना इतनी भयावह थी कि लोग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए थे।

### सीएम ने मुआवजे का किया ऐलान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने झुलसे लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम के अनुसार, मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, झुलसे लोगों को 50-50 हजार की सहायता देने का ऐलान हुआ है।

### महिला ने कूदकर बचाई जान, बस में बच्चे भी थे सवार

बस में सवार एक महिला ने कूदकर अपनी जाच बचाई। उसने बताया कि बस में महिलाओं के साथ बच्चे भी सवार थे। विवाह में जाने के लिए लोग हंसी-खुशी जा रहे थे। हादसा अचानक हुआ। जब तक लोग बचते तब तक आगे ने विकराल रुप ले लिया था। चंद सेकंड में पूरी आग जल उठी।

### गैंगस्टर काला जठेड़ी के पांच शार्प शूटर गिरफ्तार, कई विदेशी हथियार भी बरामद

नई दिल्ली। गैंगेस्टर काला जठेड़ी की शादी से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उससे जुड़े पांच शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं। गैंगेस्टर काला जठेड़ी की शादी से पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जेठड़ी से जुड़े पांच शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इसकी अलावा पुलिस ने दावा किया है कि ये सभी आरोपी विरोधी गैंग के सदस्य को मारने की प्लानिंग कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से कई अत्याधुनिक विदेशी हथियार भी बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल कमिश्नर मनोज सी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें 7 मार्च को इनपुट मिला था कि गैंगेस्टर काला जठेड़ी और विदेश में बैठे लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के कुछ सदस्य अवैध हथियारों के साथ द्वारका सेक्टर 16 में डीडीए पार्क के पास आएंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जाल बिछाया और हरियाणा के रहने वाले राहुल, परवीन, रोहताश, मोहन और सचिन को दबोच लिया। अधिकारियों की मानें तो, आरोपी राहुल ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह काला जठेड़ी और अनिल छिप्पी के साथ साझेदारी में शराब की दुकानें चलाता है।

## विधान परिषद चुनाव : एनडीए के 10 और सपा के तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, अपना दल को एक सीट

लखनऊ। विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हैं। यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे। एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल विच्छेलाल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। सपा की ओर से तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सपा ने बलराम यादव, गुड्डू जमाली और किरण पाल कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में विधान परिषद चुनाव होना तय हो गया है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अपना दल एस से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा से विच्छेलाल राजभर ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।



### यूपी को 3666 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यूपी कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने से लखनऊ में जाम की समस्या खत्म होगी। कानपुर से आने वालों को अयोध्या जाने के लिए लखनऊ के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह पूरे प्रदेश के लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विकास कार्य की झड़ी लगी है। रक्षामंत्री ने पहले शहीद पथ बनवाया और अब रिंग रोड बनवा दिया है।

## शेयर बाजार में 3.15 लाख करोड़ रुपये डूबे; सेंसेक्स 616 अंक टूटा, निफ्टी 22350 से फिसला

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट बैंकिंग और टाटा समूह के शेयरों बिकवाली के कारण आई। निवेशक सोमवार को भारत और अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों के जारी होने से पहले चिंतित दिखे। सोमवार को सेंसेक्स 617 अंकों यानी 0.83% की गिरावट के साथ 73,502 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 161 अंकों या 0.72% फिसलकर 22,332 के लेवल पर बंद हुआ। सोमवार को बाजार में गिरावट के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3.15 लाख करोड़ रुपये घटकर 389.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान ब्लुचिप कंपनियों के शेयरों में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और टाटा स्टील सबसे अधिक गिरावट वाले शेयर रहे। इनमें दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दिखी। एसबीआई,



इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए। दूसरी ओर, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार की बात करें तो स्मॉलकैप शेयरों में 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं मिडकैप शेयर 0.4% तक फिसले। कंपनी का ओएफएस रिटेल निवेशकों के लिए खुलने के बाद एनएलसी इंडिया के शेयर 7% की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, 2,092 करोड़ रुपये के चार ऑर्डर हासिल करने के बाद आरवीएनएल के शेयर भी 3% की बढ़त के साथ बंद हुए। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी बैंक, मीडिया, मेटल, रियल्टी और ऑयल व गैस सेक्टर के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई में लिस्टेड कंपनियों में 3,039 शेयर लाल निशान पर, जबकि 924 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। 118 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## होली से पहले योगी सरकार का राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, डीए में 4% की बढ़ोत्तरी

लखनऊ। होली के त्योहार से ठीक पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. सीएम योगी ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा की है। राज्यकर्मियों के डीए में बढ़ोतरी के ऐलान के साथ ही सभी में खुशी का माहौल है. बता दें कि इससे पहले ही केंद्र सरकार ने भी डीए में बढ़ोतरी का ऐलान किया था. केंद्रीय कर्मचारियों का भी 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया था. इस ऐलान के बाद ही केंद्रीय कर्मचारियों का कुल डीए 50 फीसदी हो गया है. प्रदेश के कर्मचारियों को जनवरी 2024 से डीए की बढ़ी हुई रकम भी दी जाएगी. यानी योगी सरकार की ओर से महंगाई भत्ते में की गई बढ़ोतरी जनवरी के महीने से ही लागू कर दी गई है।

**18 लाख लोगों को होगा फायदा**– योगी सरकार के महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की घोषणा का लाभ प्रदेश के 10 लाख राज्यकर्मियों के साथ-साथ 8 लाख टीचर्स को मिलने वाला है. यानी कुल 18 लाख लोग इस बढ़े हुए डीए से लाभान्वित होंगे. बता दें कि इसमें पेंशनरों की संख्या 12 लाख है. इन्हें बढ़ा हुआ महंगाई भत्ते के हिसाब से पेंशन की रकम में बढ़ोतरी की जाएगी। वित्तीय विभाग ने इसको लेकर मंजूरी भी दे दी है।इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान किया गया था।

**अब होम टेक सैलरी में होगा इजाफा**– योगी सरकार के ऐलान के बाद राज्य कर्मचारियों की होम टेक सैलरी में भी खासा इजाफा देखने को मिलेगा. कर्मचारियों को 46 प्रतिशत की जगह 50 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जाएगा. वहीं 12 लाख पेंशनभोगी भी इसका लाभ ले सकेंगे. बता दें कि योगी सरकार के इस ऐलान के बाद प्रदेश के खजाने पर 314 करोड़ रुपए का एक्स्ट्रा बोझ पड़ेगा।

## भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ, मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद अनंत हेगडे. के बयान, 'संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है' को लेकर सियासी बवाल जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनंत कुमार हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को भाजपा पर जमकर हमला किया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल संविधान में संशोधन करके भारी जनादेश प्राप्त करना है। खरगे ने कहा, "मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा ने संविधान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है।" उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान नहीं



बदला जाएगा और दूसरी तरफ वह अपने लोगों ये कहने की इजाजत देते हैं कि उन्हें संविधान में संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है। खरगे ने कहा कि यह बयान किसी बाहरी तत्व ने नहीं बल्कि भाजपा सांसद ने दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। खरगे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, "यह अच्छी मानसिकता नहीं है अगर आप संविधान बदलना चाहते हैं तो इससे देश में उथल-पुथल मच जाएगी।" खरगे ने कहा कि इसीलिए पीएम मोदी एनडीए के लिए 400 से ज्यादा सीटें जीतने की बात करते हैं, क्योंकि वे संविधान में संशोधन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "अगर मेरी पार्टी में कोई भी ऐसी टिप्पणी करता है तो मैं उसे निकाल दूंगा, अगर भाजपा में हिम्मत है तो उन्हें ऐसा करना चाहिए। अगर भाजपा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर में विश्वास करते हैं तो उन्हें ऐसे लोगों को अपनी पार्टी से निकालना चाहिए और उन्हें टिकट नहीं देना चाहिए।"

## लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, मई में होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में 8 दिसंबर को सांसदी चली गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी 11 मार्च को सुनवाई की। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई मई में की जाएगी। मोइत्रा की याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने कहा, "6 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में एक गैर-विविध दिन की सूची बनाएं। मोइत्रा के वकील का कहना है कि उनका प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।" दरअसल, शीर्ष अदालत ने तीन जनवरी को मोइत्रा की उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा महासचिव से जवाब मांगा था। पीठ ने उनकी अंतरिम प्रार्थना पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था कि उन्हें लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जाए। कोर्ट का कहना था कि उन्हें अनुमति देना राहत देने के समान होगा। शीर्ष अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष और सदन की आचार समिति को नोटिस जारी करने से भी इनकार कर दिया था। दरअसल, मोइत्रा ने अपनी याचिका में दोनों को प्रतिवादी बनाया था। पिछले साल 8 दिसंबर को, एथिक्स पैनल की रिपोर्ट पर लोकसभा में तीखी बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'अनैतिक आचरण' के लिए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को सदन से बाहर निकालने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। आचार समिति ने मोइत्रा को 'अनैतिक आचरण' और सदन की अवमानना का दोषी पाया, क्योंकि उन्होंने अपने लोकसभा सदस्यों के पोर्टल क्रेडेंशियल - उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड- अनधिकृत लोगों के साथ साझा किए थे, जिसका राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक अपरिवर्तनीय प्रभाव पड़ा था। जोशी ने कहा था कहा। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि मोइत्रा के अत्यधिक आपत्तिजनक, अनैतिक, जघन्य और आपराधिक आचरण को देखते हुए, सरकार द्वारा एक निर्धारित समय सीमा के साथ एक गहन कानूनी और संस्थागत जांच शुरू की जाए।

## अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण सफल, 'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने डीआरडीओ को दी बधाई

नई दिल्ली। भारत ने आज मिशन दिव्यास्त्र का परीक्षण किया है। मिशन दिव्यास्त्र के सफल परीक्षण को लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है।" भारत सरकार के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि "भारत ने आज मिशन दिव्यास्त्र का परीक्षण किया गया है। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का यह पहला उड़ान परीक्षण था। इस परीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर कई युद्ध प्रमुखों को तैनात कर सकती है। परियोजना निदेशक एक महिला है और इसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।" मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) उस तकनीक को कहते है जिसमें किसी मिसाइल में एक ही बार में एक से ज्यादा परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है।



जिससे आप दुश्मन के अलग-अलग लक्ष्यों को भेदा जा सकता है। अग्नि 5 मिसाइल अग्नि सीरीज की 5000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता वाली सबसे लंबी दूरी की मिसाइल है। अग्नि 5 मिसाइल देश की दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है। यह मिसाइल चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया को अपनी मारक क्षमता के अंतर्गत ला सकती है। अग्नि 1 से 4 तक के मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर शत्रुतापूर्ण बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। मिशन दिव्यास्त्र के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। यह प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च सटीकता सेंसर पैकेजों से सुसज्जित है, जो यह सुनिश्चित करती है कि पुनः प्रवेश करने वाले वाहन वांछित सटीकता के भीतर लक्ष्य बिंदुओं तक पहुंचें। यह क्षमता भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति की प्रतीक है।

## मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी, कोर्ट ने गिरफ्तार कर पेश करने का दिया आदेश

बरेली। बरेली में एडीजे प्रथम फास्ट ट्रैक रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने सोमवार को आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने सीओ सिटी प्रथम को आदेश दिया है कि 13 मार्च तक मौलाना को वारंट तामील कराकर गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर करें। कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 के बरेली दंगे का मास्टरमाइंड बताकर सोमवार को तलब किया था। उनको सूचना देने के लिए समन जारी किया गया था। इसके बाद से प्रेमनगर व कोतवाली पुलिस ने मौलाना तौकीर के आवास के कई चक्कर लगाए, लेकिन वह नहीं मिले। रविवार शाम पुलिस फिर मौलाना तौकीर के आवास पर पहुंची थी। इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया था कि मौलाना तौकीर रजा के घर पर कई दिनों से ताला पड़ा है। उनके परिजन भी नहीं मिले थे। मोबाइल नंबर भी या तो बंद रहता है या फिर कॉल रिसीव नहीं होती। पड़ोसियों के मुताबिक मौलाना लंबे वक्त से दिल्ली में हैं। इस वजह से समन तामील नहीं हो सका। इधर, सोमवार को मौलाना तौकीर रजा कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। कोर्ट में हाजिर न होने पर मौलाना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एडीजे प्रथम फास्ट ट्रैक रवि कुमार दिवाकर ने मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने पुलिस से सवाल किया कि तौकीर रजा हाजिर होना नहीं चाहते या फरार हो गए हैं। साथ ही आदेश दिया है कि 13 मार्च तक मौलाना को वारंट तामील कराकर गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर करें। बरेली में वर्ष 2010 में जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान शहर में दो समुदायों के बीच हिंसा भड़की थी। कुतुबखाना बाजार चौराहे के पास सब्जी मंडी में दंगाइयों ने करीब 20 दुकानों में आग लगा दी थी। शहर के सभी स्कूल, कॉलेज बंद करने के आदेश दे दिए गए थे और उपद्रवग्रस्त इलाकों में हेलीकॉप्टर से निगरानी की गई थी। पूरे मंडल में इससे सांप्रदायिक सौहार्द खतरे में पड़ गया था।

## संपादकीय

# आलोचना का अधिकार

अक्सर सुनने में आता है कि विचारों की अभिव्यक्ति को लेकर पुलिस का रवैया आक्रामक होता है और वह अनावश्यक धाराओं में व्यक्ति को गिरफ्तार व प्रताड़ित करने में जल्दबाजी दिखाती है। ऐसे ही एक प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राज्य के किसी फैसले पर आलोचना करने का आधिकार है। दरअसल, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की निंदा करने वाली एक टिप्पणी पर एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र पुलिस ने पांच अगस्त को ब्लैक डे जम्मू और कश्मीर और 14 अगस्त पर पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं जैसे व्हाट्सएप संदेश पोस्ट करने के लिये प्रोफेसर जावेद अहमद पर आईपीसी की धारा 153-ए के तहत मामला दर्ज किया था। दरअसल, यह मामला धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने पर दर्ज किया जाता है। इसी वजह से बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य के कार्यों की हर आलोचना या विरोध को धारा 153-ए के तहत अपराध माना जाता है तो यह संविधान प्रदत्त अनिवार्य हक के विरुद्ध, लोकतंत्र की आत्मा के हनन जैसा होगा। इस मामले पर चर्चा करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वैध तरीके से असहमति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)ए के तहत गारंटीशुदा अधिकार है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा निरस्त करने के वर्ष 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बावजूद केंद्र सरकार के फैसले को लेकर अस्वीकृति की आवाजें अभी कम नहीं हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में पिछले दिनों प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान भी विपक्षी नेताओं की ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। लेकिन प्रोफेसर के मामले में पुलिस की विवादास्पद भूमिका को न्यायिक और सार्वजनिक जांच के दायरे में ला दिया है। दरअसल, देखा जाता है कि ऐसे मामलों में पुलिस आनन-फानन में असहमति जताने वाले को पकड़ने के लिये मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर देती है। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अवधारणा तथा इस आजादी को लेकर उचित संयम की सीमा के बारे में हमारे पुलिस तंत्र को जागरूक व शिक्षित करने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को शीर्ष अदालत के सुझाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं देश के पुलिसकर्मियों को संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। निस्संदेह, सामान्य मामलों के आधार पर मुकदमें दर्ज करना पुलिस के निरंकुश व्यवहार को ही दशार्ता है। जो निश्चित रूप से एक अलोकतांत्रिक कदम कहा जाएगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में अब पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर व्यक्ति विशेष को असामाजिक व राष्ट्रविरोधी करार देने से रोका जाएगा। निस्संदेह, हिंसा व घृणा को बढ़ावा न देने वाली टिप्पणियों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

## है नहीं स्वीकार!



बिन बताए उम्मीदवार ।
दे रहे उतार ।।
लगता इनको गठबंधन ।
है नहीं स्वीकार ।।
बड़ी-बड़ी हैं बातें ।
जारी नोंकझोंक ।।
दिल से शायद उनको ।
हैं रहे वो रोक ।।
निकल रही है हवा ।
है फूटा गुब्बारा ।।
एक दूसरे को ऐसे ।
दे रहे सहारा ।।
है लगता ढ़कोसला ।
जो भी है व्यवहार ।।
बार-बार सार्वजनिक ।
होता जो प्रहार ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# हैदराबाद में भाजपा ने माधवी लता को उतार कर ओवैसी को उनके गढ़ में बुरी तरह घेर लिया है

**नीरज कुमार दुबे**

देश भर में घूम-घूमकर मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असद्दुदीन ओवैसी इस बार खुद अपने गढ़ हैदराबाद में घिर गये हैं क्योंकि भाजपा ने आरएसएस कार्यकर्ता माधवी लता को उनके खिलाफ उतार दिया है। माधवी लता जिस तरह से अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद से ओवैसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं उससे हैदराबाद के सांसद की राजनीतिक जमीन हिल गयी है। इसीलिए आजकल ओवैसी जिम में पसीना बहा रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना है और समय निकाल कर अन्य प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार भी करना है। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जिस तरह एआईएमआईएम को अपने गढ़ हैदराबाद में झटका लगा था उसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं।

जहां तक माधवी लता की बात है तो आपको बता दें कि वह आरएसएस कार्यकर्ता, पारंपरिक भारतीय महिला, उद्यमी, अस्पताल प्रशासक और एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक हैं। हाल के समय तक राजनीतिक क्षेत्रों में उनका नाम कभी चर्चा में नहीं रहा था लेकिन जब भाजपा ने हैदराबाद से उन्हें लोकसभा सीट का उम्मीदवार घोषित किया तो वह रातोंरात सुर्खियों में आ गयीं। 49 वर्षीय कोम्पेला माधवी लता तीन बच्चों की मां हैं। जब उन्हें भाजपा उम्मीदवार बनाया गया तो वह खुद भी आश्चर्यचकित रह गयी थीं क्योंकि उन्होंने अपने लिए कभी कोई पैरवी नहीं की थी। ओजस्वी वक्ता और उस्मानिया विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर माधवी लता कहती हैं कि मेरी उम्मीदवारी से यह बात साबित हो जाती है कि भाजपा लोगों की क्षमताओं और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर रखती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है।

हम आपको बता दें कि माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में गया है क्योंकि ओवैसी जिस तरह अपने भाषणों के जरिये लोगों को अपने पक्ष में करते हैं उसी तरह अपने भाषणों के जरिये उन्हें जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी उनके खिलाफ चाहिए था। हम आपको बता दें कि एआईएमआईएम ने चार दशकों से हैदराबाद लोकसभा सीट पर कब्जा बनाए रखा है। सलाहुद्दीन ओवैसी ने 1984 से 1999 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से उनके बेटे असदुद्दीन हैदरबाद से सांसद हैं। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत गोशामहल को छोड़कर सभी विधानसभा क्षेत्रों पर एआईएमआईएम का कब्जा है। गोशामहल से भाजपा के फायर ब्रांड नेता टी. राजा विधायक हैं।



भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भगवंत राव पवार को अपना उम्मीदवार बनाया था जोकि ओवैसी से भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। इस बार हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी तय करने में आरएसएस से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने इस क्षेत्र में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रहीं माधवी लता का नाम सुझाया जिस पर पार्टी में सहमति बन गयी और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हो गयी। खुद माधवी लता भी इस बात को मानती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। उनका कहना है कि अगर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को देखा गया होता तो भाजपा मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती। उनका कहना है कि मैं मुस्लिमों के बीच काम करती हूँ और उन्हें अपना मानती हूँ। माधवी लता का कहना है कि मैं तीन तलाक की विरोधी रही हूँ और हिंदुओं से जुड़े विषयों को लेकर भी सक्रिय रही हूँ। पुराने हैदराबाद शहर के याकूतपुरा की संतोष नगर कॉलोनी में एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में पली-बढ़ी लता माधवी कहती हैं कि वह हमेशा विभिन्न संस्कृतियों के बीच रहीं हैं। माधवी लता ने अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद मीडिया से कहा था कि मुझे 1980 के दशक में हुए सांप्रदायिक दंगों ने डरा दिया था। उन दंगों ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि लोग किसी की जान लेकर अपनी नफरत क्यों व्यक्त करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वर्षों के अनुभव के बाद मुझे एहसास हुआ कि इसके पीछे आम आदमी नहीं बल्कि एक राजनीतिक खेल है। उनका कहना है कि एक आम आदमी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, वह हिंसा नहीं चाहता। उन्होंने ओवैसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो कभी भी दोनों समुदायों के बीच शांति नहीं चाहते हैं। माधवी लता का कहना है कि यह लोग लंबे समय से सत्ता में जमे हैं लेकिन इन्होंने अपने समुदाय के लोगों के लिए भी कुछ नहीं किया। मौजूदा सांसद को खुली चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि मैं पुराने शहर की हर गली में प्रचार करूंगी और अगर मुझ पर एक भी पत्थर फेंका गया तो असदुद्दीन ओवैसी जवाबदेह होंगे।

माधवी लता का कहना है कि मेरे विरोधियों को चाहिए कि वह मुझे बराबरी का मुकाबला करने की अनुमति दें। उनका कहना है कि हमें धर्म को बीच में नहीं लाना चाहिए और लोगों की भावनाओं के साथ नहीं खेलना चाहिए। उनका कहना है कि मैं चुनाव प्रचार में धर्म की बात नहीं करूँगी। माधवी लता का दावा है कि हैदराबाद में ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां मतदाताओं को धमकाया जा रहा है और पोलिंग एजेंट स्वतंत्र रूप से काम करने से डर रहे हैं। उनका कहना है कि मैं चुनाव आयोग से माँग करूँगी कि पर्याप्त संख्या में बल तैनात किया जाये और मतदान प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग कराई जाये। उनका कहना है कि वह हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र के 1996 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के गठन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। माधवी लता का यह भी कहना है कि मतदाता सूची से 2 लाख से अधिक हिंदू मतदाताओं को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को लगता है कि पुराने हैदराबाद शहर में बहुत सारे मुसलमान हैं इसलिए ओवैसी जीतते रहते हैं लेकिन इस बार यह मिथक टूट जायेगा क्योंकि मुझे सभी समुदायों का समर्थन मिलेगा। माधवी लता का कहना है कि वह चुनाव प्रचार के दौरान सीएए और तीन तलाक के बारे में लोगों की गलतफहमियां भी दूर करेंगी।

# बदायूं नहीं, संभल से चुनाव लड़ना चाहते हैं शिवपाल सिंह यादव, अखिलेश यादव की मुश्किल बढ़ी

**अजय कुमार**

समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट को लेकर गफलत में नजर आ रही है। चर्चा है कि एक बार फिर सपा आलाकमान ने वहां से शिवपाल यादव की उम्मीदवारी खारिज कर दी है। शिवपाल स्वयं चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे थे या फिर यह पार्टी आलाकमान का फैसला है इस पर अभी स्थिति साफ नहीं हो पाई है। लोकसभा चुनाव को लेकर बदायूं में सपा की सियासी करवट पर सपा के दिग्गजों में हर स्तर पर दो तरह की राय सामने आईं हैं। एक बड़ा वर्ग बदायूं से सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को फिर से उम्मीदवार बनाना चाहता है, जबकि सपा के ही कुछ नेता धर्मेंद्र यादव से नाराज बताये जाते हैं। वह उनको न लड़ाए जाने का आग्रह पिछले दिनों सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी कर चुके हैं। इसके बाद ही धर्मेंद्र यादव के स्थान पर शिवपाल सिंह यादव का नाम आया था। अब सपा के सूत्रों का कहना है कि खुद शिवपाल सिंह यादव बदायूं से चुनाव लड़ने के लिए उत्साहित नहीं हैं।



सूत्र बताते हैं कि शिवपाल की पहली पसंद संभल बताई जा रही है। सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया था, लेकिन उनका देहांत हो चुका है, जिसकी वजह से यहां नये उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। इसलिए पहले उनका बदायूं आगमन टला, फिर लगातार दूसरी बार उनके बेटे आदित्य यादव का भी दौरा टल गया। आदित्य यादव को अपने पिता शिवपाल यादव की चुनावी कमान संभालने के लिए यहां आना था। उनका दो बार दौरा लगा पर एक बार भी नहीं आए। संभल एक मुस्लिम बाहुल्य सीट है और यहां से सपा कई चुनाव जीत चुकी है। सपाइयों ने बताया था कि आदित्य यादव का आज यानी 11 मार्च को बदायूं में आने का कार्यक्रम था, सपाइयों ने उनके स्वागत और चुनावी अभियान की शुरूआत को लेकर तैयारी बैठक कर ली, लेकिन एक दिन पहले 10 मार्च को उनका कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी सामने आई। इसकी पुष्टि सपा के स्थानीय पदाधिकारियों ने भी की। बताया गया कि आदित्य यादव का कार्यक्रम टल गया है। इससे अब उम्मीदवार बदले जाने की संभावना जताई जाने लगी है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि अब तक कोई चुनावी बैठक भी नहीं हुई है। फिलहाल, स्थानीय पदाधिकारियों की निगाहें नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं।

गौरतलब है कि बदायूं मुस्लिम और यादव बहुल सीट है। इसी समीकरण से किसी समय यह सपा की मजबूत सीट मानी जाती थी, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई और सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को शिकस्त देने के लिए संघमित्रा मौर्य को मैदान में उतारा था। भाजपा प्रत्याशी से धर्मेंद्र यादव हार गए थे। चुनाव के बाद सियासी घटनाक्रम बदलता रहा। संघ मित्रा के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में रहे। सपा में रहते केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर सियासी हमले किए। तब से भाजपा के अंदर उनकी बेटी के टिकट लेकर संशय हो गया है। पहली लिस्ट में नाम न आने पर संशय और बढ़ा है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा से नाता तोड़ने के बाद सपा आलाकमान बदायूं सीट को लेकर काफी गंभीर हो गया है। इस सीट को सपा ने अपने पाले में करने के लिए शिवपाल सिंह यादव को मैदान में उतारा है। यह अलग बात है कि शिवपाल सिंह के आने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी और सपा केराष्ट्रीय सचिव रहे आबिद रजा की चुनौती सामने आई है। दोनों ने सेक्युलर फ्रंट बनाकर सहसवान में बड़ी रैली की। इसके बाद सपा के लिए बड़ी चुनौती सामने आ रही है। पार्टी बदायूं में जिस तरह से अंतरकलह से जूझ रही है, उससे लगता है कि सपा के लिये यहां चुनाव जीतना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

# कोई खिलाड़ी देश से बड़ा नही, ईशान और श्रेयस ने बीसीसीआई की अवहेलना का खामियाजा भुगता

**आदर्श प्रकाश सिंह**

क्रिकेट के खेल में आजकल बहुत कम समय में खिलाड़ी 'स्टार' बन जा रहे हैं। निश्चित रूप से इसका श्रेय आईपीएल को दिया जाना चाहिए। हर साल होने वाले इस टूनार्मेंट में जोरदार प्रदर्शन करके ढेरों युवा भारतीय टीम में शामिल होने का सपना देखते हैं। कुछ तो जल्द सफलता हासिल कर लेते हैं जबकि कुछ को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो टीम में प्रवेश तो पा जाते हैं लेकिन फिर अंदर बाहर होते रहते हैं। इन्हीं में से एक प्रतिभाशाली ईशान किशन हैं जिन्हें अभी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का मामला आजकल चर्चा में है। इन दोनों को बीसीसीआई ने अपनी अनुबंध सूची से बाहर कर दिया है। बीसीसीआई की अवहेलना का खामियाजा इन्हें भुगतना पड़ा है। पहले ईशान की बात करते हैं। वनडे विश्व कप में वह भारतीय टीम में थे लेकिन केवल दो मैच ही खेल पाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जब भारतीय टीम गई तो ईशान ने कोच राहुल द्रविड़ से ब्रेक मांग लिया। यानी खेलने में असमर्थता जता दी। जाहिर है, बाएं हाथ का यह विकेटकीपर बल्लेबाज लगातार बेंच पर बैठने से हताश निराश हो गया था। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज में भी उसे मौका नहीं दिया गया। उसकी जगह जितेश शर्मा को आजमाया गया। ईशान को जरूर यह लगा होगा कि उसे टीम में तो रखा जा रहा है लेकिन अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिल रहा। एक युवा मन का आक्रोश भी कभी-कभी बाहर आ जाता है। वनडे विश्व कप में लगभग एक ही एकादश हर मैच में उतारा गया। चूंकि भारतीय टीम लगातार जीत रही थी इसलिए कोच और कप्तान ने कोई बदलाव किया ही नहीं। फाइनल मुकाबले में हार से पहले टीम इंडिया ने हर मैच जीता था। हो सकता है ईशान किशन ने ब्रेक लेकर अपनी भड़ास निकाली हो। उसे लग गया कि दक्षिण अफ्रीका दौरे में केएल राहुल के रहते उसे अब मौका फिर नहीं मिलेगा। यहां तक तो ठीक था लेकिन भारत आकर ईशान ने अपने को घरेलू क्रिकेट से दूर कर लिया। बीसीसीआई के निदेर्शों के बावजूद उसने अपनी झारखंड टीम की ओर से कोई मैच नहीं खेला। वह हार्दिक पांड्या के साथ अभ्यास में जुटा रहा। चुकि आईपीएल में मुंबई इंडियंस के नए कप्तान पांड्या हैं इसलिए वह पांड्या से नजदीक चला गया। इसी बीच बीसीसीआई की ओर से यह खबर आई कि जो खिलाड़ी बिना घरेलू क्रिकेट खेले सीधे आईपीएल खेलना चाहते हैं, वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। ईशान ने इस निर्देश को भी नजरंदाज कर दिया। यही वजह है कि उसे कांट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होना पड़ा है। एक होनहार खिलाड़ी को अनुशासन में रहना चाहिए।



बीसीसीआई देश में इस खेल की नियंता है। आप जिस संस्था के अधीन काम करते हैं उसकी अवहेलना करके कैसे रह सकते हैं? देश में युवा खिलाड़ियों की भरमार है। कोई खिलाड़ी यह समझ लेगा कि उसके बिना काम नहीं चल सकता तो यह उसकी भूल है। मौजूदा इंग्लैंड सीरीज इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। विराट कोहली निजी कारणों से उपलब्ध नहीं रहे। मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण नहीं खेल सके। इसके बावजूद भारतीय टीम ने इंग्लैंड से टेस्ट मैचों की यह सीरीज जीत ली है। कोई भी खिलाड़ी देश से बड़ा नहीं है। भारत को 1983 में विश्व कप विजेता बनाने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव ने भी इस विचार का समर्थन किया है। दरअसल, खेलों में अनुशासन का पालन भी करना होता है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। श्रेयस अय्यर का मामला भी इसी वजह से बिगड़ा। इंग्लैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में उन्हें मौका दिया गया। पर, इसी दौरान वह अनफिट हो गए। श्रेयस बार-बार चोटिल होकर टीम से बाहर होते रहे हैं। पिछले आईपीएल सीजन में वह एक भी मैच नहीं खेल पाए। जब अस्वस्थ होने के कारण टीम से छुट्टी हो गई तो उन्हें आराम करके रणजी मैच खेलने चाहिए थे। मगर, उन्होंने भी बीसीसीआई के निदेर्शों का पालन नहीं किया। इसके बाद अनुबंध सूची से उनको भी हटा दिया गया। बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को मजबूत करना चाहती है। यही वह आधार है जिस पर खड़े होकर खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं। रणजी मुकाबले में खेल कर कई खिलाड़ी भारतीय टीम में वापसी कर लेते हैं। चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे वरिष्ठ क्रिकेटर हैं। इसके बावजूद खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम इंडिया से बाहर होना पड़ा। मगर, इन दोनों ने इस उम्मीद में रणजी मैच खेले कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो चयनकताओं की नजर पड़ जाएगी। पुजारा ने तो काफी रन भी बनाए और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनकी वापसी की उम्मीद भी बन रही थी। खिलाड़ी कितना भी बड़ा हो वह खेल के नियमों, मयार्दा अथवा देश से बड़ा नहीं हो सकता। हो सकता है, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को यह बात अब समझ में आ गई होगी।

# बिहार भेजी जा रही 432 लीटर शराब बरामद, एसपी ने की पुलिस टीम को 15 हजार देने की घोषणा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रेवाड़ी राजस्थान से लाकर गाजीपुर के रास्ते बिहार ले जा रहा था। शराब का खेप गाजीपुर पुलिस की सक्रियता से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम मोरहना थाना गभाना जिला अलीगढ़ उम्र 40 वर्ष के पास से एक अदद तमन्चा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ तथा दूसरे अभियुक्त आलोक यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम पुर थाना पकड़ी जनपद बलिया उम्र 19 वर्ष। पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है और शराब तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगाल रहे है। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर श्री ओमवीर सिंह ने थाना बरेसर, स्वाट/सर्विलांस टीम की सयुक्त की सफलता पर 15,000/- रुपये पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। घटना क्रम के मुताबिक पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह के द्वारा तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही




के निर्देश पर लगे प्रभारी बरेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह व स्वाट तथा सर्विलांस टीम को सूचना मिली की कुछ लोग अवैध शराब लादकर कासिमाबाद की तरफ से सर्विस रोड पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पकड़कर आ रहे हैं जो बिहार की तरफ जायेंगे। सूचना पर एक्सन में आयी पुलिस टीमों ने जब चार पहिया वाहन को रोका तो वह अपने वाहन को पुलिस वालों को एकाएक देखकर कार को रोककर दरवाजा खोलकर भागना चाहा तो पुलिस ने घेरा बन्दी कर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अण्डर पास बरेसर सर्विस रोड बहद ग्राम मलिकपुरा बरेसर पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास से पकड़ लिया अभियुक्तों की पहचान अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम मोरहना थाना गभाना जिला अलीगढ़, अभियुक्त आलोक यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम पुर थाना पकड़ी जनपद बलिया पकड़े गये। पकड़े व्यक्तियों के कब्जे से 50 पेटी जिसमें 462 लीटर अंग्रेजी अवैध शराब, एक अदद कार, एक अदद तमन्चा 12 बोर व दो अदद कारतूस 12 बोर। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बरेसर पर मु0अ0सं0 28/24 धारा 419/420/ 467/468/471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी। बरामद अवैध शराब की कीमत लगभग 05 लाख रुपये है। अभियुक्त से पूछताछ पर अभियुक्त प्रमोद कुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि कार में छिपा कर अवैध शराब रखा था तथा अपने सुरक्षा के लिये तमंचा भी अपने पास रखता हूँ। मैं कई बार पहले भी जेल जा चुका हूँ। ये जो मेरे साथ दूसरा व्यक्ति आलोक यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम पुर थाना पकड़ी जनपद बलिया मेरे साथ है। ये बिहार व यूपी बार्डर का है। इसके साथ में शराब तस्करी कर बिहार ले जाकर ऊँचे दामों पर बेच देते हैं। जिससे लाभ प्राप्त कर घर चलाते हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम शैलेन्द्र प्रताप सिंह थानाध्यक्ष बरेसर मय टीम जनपद गाजीपुर तथा रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट/ सर्विलांस मय टीम जनपद गाजीपुर के सदस्य शामिल रहे।

## आल इण्डियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। आल इण्डियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी के जिला ईकाई की बैठक भुल्लनपुर राजकुमार केसरी जिला उपाध्यक्ष के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने की। बैठक में समस्त जिला पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष एवं जागरूक कोटेदार उपस्थित थे। बैठक माह दिसम्बर का कमीशन जो कि अभी तक नहीं आया है उसकी



बात कोटेदारों द्वारा उठाई गई। तथा जिले में कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा किया गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया कि कमीशन के बारे में आज जिला पूर्ति अधिकारी महोदय वाराणसी से चर्चा किया जायेगा।और जल्द से जल्द कमीशन आये। तथा जिले में कोटेदारों को वितरण सम्बन्धी समस्या से ठीक है से सम्पन्न करने को कहा गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को बैठक में सभी कोटेदारों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह पंकज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार केसरी संरक्षक पारस मिश्रा महानगर अध्यक्ष मदन यादव महासचिव अशोक कुमार उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा सचिव रामनारायण यादव संगठन मंत्री अजय सहगल विजय कुमार ब्लाक अध्यक्ष प्रभु नारायण पाण्डेय सेवापुरी देववलि सिंह अध्यक्ष काशी विद्यापीठ अरुण जायसवाल अध्यक्ष आराजी लाइन चोलापुर अध्यक्ष दिलीप गिरि रामभुवन पाण्डेय भोला जायसवाल बैठक का संचालन दिनेश गुप्ता ने किया।

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को 75 हजार रुपये की दी आर्थिक सहायता

प्रखर संतकबीरनगर। कोतवाली अंतर्गत ग्राम डीघा में कल सुभासपा की प्रदेश महासचिव नंदनी राजभर की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद आज नंदनी राजभर का अंतिम संस्कार किया गया घटना की सूचना मिलने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा समाजवादी पार्टी से विधायक राम अचल राजभर संत कबीर नगर जिले में पहुंचे। पूर्व विधायक खलीलाबाद सदर दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के साथ,सपा नेता राम दरस यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष लोरिक यादव, आलोक यादव सोनू, राहुल यादव बादल, शैलेंद्र यादव सहित सपा का प्रतिनिधिमंडल जैसे ही सोनी होटल के पास पहुंचा तो पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर जाने से रोक दिया जिसके बाद सपा कार्यकताओं और पुलिस में नोकझोक हुई दाह संस्कार खत्म होने के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर, पूर्व विधायक जय चौबे सहित अन्य सपा नेताओं को घटना स्थल पर जाने की अनुमति दी पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए रामअचल राजभर ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया |इस दौरान पीड़ित परिवार को सपा प्रतिनिधी मंडल ने 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेट करते हुए आगे भी हर संभव मदद देने का भरोसा दिया साथ ही साथ सपाइयों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही । इस दौरान रामअचल राजभर ने उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दिलाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग करेंगे।

## देयकों को 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत करें: जिलाधिकारी

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार में समस्त देयक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत कर दे,जिससे कि बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2024 तक भुगतान हेतु एथराईजेशन किया जा सके। क्योंकि 31 मार्च तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा 31 मार्च को ही निर्धारित समय अवधि में किया जाएगा। 25 मार्च के उपरान्त केवल उक्त तिथि के बाद शासन स्तर से निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष देयक स्वीकार किये जायेगें अथवा ततसमय शासन स्तर से निर्गत अद्यावधिक निर्देश के अनरूप कार्यवाही की जायेगी।

## सामाजिक और पारिवारिक उपेक्षा का शिकार है महिलाओं की चिकित्सा : डा. सुरभि राय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को मित्रसेन प्रधान मेमोरियल सेवा ट्रस्ट की ओर से सिलाईच के पंचायत भवन पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में मरीजों का उपचार करने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुरभि राय ने बताया कि स्त्री चिकित्सा की ओर विशेष ध्यान की आवश्यकता है। प्रायः स्त्रियां सामाजिक और पारिवारिक उपेक्षा का शिकार है, यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी विकट है। क्योंकि विशेषज्ञ चिकित्सकों तक महिलाओं की पहुंच सीमित है। यहां तक कि गर्भवती महिलाओं का इलाज भी नीम हकीमों के सहारे है। गर्भावस्था और उसके बाद सर्वाधिक चिकित्सकीय परामर्श में रहने की आवश्यकता होती है। डा0 सुरभि राय ने कहा कि प्रसव के दौरान आपरेशन अंतिम विकल्प होता है। नार्मल डिलीवरी पहली प्राथमिकता



होती है। शिविर के दूसरे चिकित्सक हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 शिवम राय ने कहा कि कमर और घुटने के दर्द से अधिकांश लोग परेशान हैं। ब्लडप्रेशर और सुगर की तरह लोग इसके शिकार हो रहे हैं। जीवनशैली में परिवर्तन और विटामिन्स के प्रयोग से इससे बचा जा सकता है। शिविर के आयोजक ग्राम प्रधान संघ मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष और सिलाईच के प्रधान बृजलाल यादव ने चिकित्सक द्वय, पैरामेडिकल स्टाफ, ट्रस्ट के प्रति आभार ज्ञापित किया। ट्रस्ट के सचिव इंद्रासन राय ने शिविर से लाभान्वित मरीजों, आयोजक का उत्साह वर्धन करते हुए आश्वस्त किया कि ट्रस्ट की ओर से यह सेवा कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष इंद्रासन राय, डोमनपुरा के प्रधान हरिश्चंद्र यादव, गोपाल राय, संजय राय सुमन, गायत्री राय, शशिकला मिश्रा, मालती यादव, नीलम, संजू, मीरा, अनिल राय, बबुआ राय, अमित राय, ढुनमुन राजभर, देवंती आदि का शिविर में सार्थक सहयोग रहा।

## मजबूत महिलाएं बनाती हैं सशक्त राष्ट्र : डॉ. रविंद्र कुमार गौतम




वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सोमवार को नारी सशक्तिकरण विषयक तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन भारत माता मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार गौतम ने कहा कि वास्तविक रूप में, महिला सशक्तिकरण में स्वतंत्रता, समानता के साथ-साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पहलू शामिल हैं। इसके माध्यम से वास्तविक प्रयास यह सुनिश्चित करने में निहित है कि हम लैंगिक समानता लाएं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत महिला मजबूत राष्ट्र बनाती है, इसे अपनी अगली पीढ़ी को सिखाएं। महिलाओं की प्रशंसा की जानी चाहिए। अगर आप उसे सशक्त बना देंगे तो वह दुनिया से आपकी रक्षा करेगी। शिविर के बाद एक पदयात्रा ललित कला विभाग से शुरू होकर मानविकी संकाय पर संपन्न हुई। पदयात्रा में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न नारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता यादव के नेतृत्व में किया गया। इसमें 100 छात्राओं ने सहभागिता कर इसे सफल बनाया। शिविर में स्नेहलता कुशवाहा, शालिनी कश्यप , डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. रामराज, नेहा सिंह , किशन गुप्ता, प्रवीण प्रकाश हिमांशु, दिव्यानी राय आदि उपस्थिति रहीं।

## श्याम खांटू बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया

जौनपुर। श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का सतरंगी फागुन धमाल एवम विशाल भंडारा का आयोजन दिन रविवार को गौशाला निकट राजा फाटक पर किया गया । जहाँ पर बड़ी संख्या में भक्तों ने रात भर भंडारा में भाग लिया श्री खांटू जी महाराज का सतरंगी फागुन धमाल बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्याम खांटू बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया था बाबा का भव्य श्रृंगार देखकर लोगो का ध्यान बरबस भक्ति भाव में लीन हो जा रहा था । बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया था तथा अखंड ज्योत जलाई गयी टाटानगर जमशेदपुर,एवं झारखंड से आए कलाकार अनुभव अग्रवाल ने अपनी भजनों के माध्यम से लोगों को खूब रिझाया झुमाया कार्यक्रम के अंत में महा आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी समाज के विजय केडिया, निर्भय केडिया, श्याम सेवक, मनोज हरलालका, विमल अग्रवाल, दीपक केडिया, विशाल बरनवाल, अनूप अग्रवाल, मोहित शर्मा, रौनक केडिया, अमन हरलालका, रमन हरलालका सहित अन्य लोगो ने अपना विशेष योगदान दिया।

## जितेंद्र कुमार गुप्ता समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के बनाये गए राष्ट्रीय सचिव

प्रखर मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव जी के द्वारा ग्राम मठना जमालपुर चुनार मीरजापुर उ०प्र० निवासी युवा समाजसेवी और अपने तैलिक समाज के साथ साथ पार्टी के फ्रंटल में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं एवं वर्तमान समय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय तेली साहू समाज के पद पर रहते हैं उनको समाज अथवा पार्टी में किये गए कार्य से प्रभावित होकर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत करते हुए हर्ष जताया है ! और बताया कि अपने समाज में श्री गुप्ता ने अलग पहचान बनाया है व पूर्व में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके है ! इससे पार्टी को मजबुती मिलेगी वही पर श्री गुप्ता ने बताया कि मुझे व मेरे समाज को जो सम्मान पार्टी द्वारा सदैव मिला है उसका हम सभी ऋणी रहेंगे और हम अपने नेता के बताये हुए ! मार्ग पर चल कर पार्टी को मजबूत करने का काम करुंगा ! और सभी के आशीर्वाद के अपेक्षा रखता हूँ ! व साथ में पूरी ईमानदारी कर्मठता से पार्टी हित व लाभ में कार्य करने का काम करुंगा वही मनोनीत होने की खबर लगते ही क्षेत्र में खुशी की माहौल का ठिकाना ना लगा ! श्री गुप्ता के मनोयन पर बधाई देने वालों में देवी प्रसाद चौधरी, अशोक सिंह मुन्ना, राणा प्रताप सिंह, अभय यादव, सुनिल सिंह पटेल, लालता वियार, दिलिप गुप्ता, विरेंद्र यादव, दिनेश यादव, सुभाष गुप्ता, राजन पटवा, सुरेश यादव एड, विकास गुप्ता, रवि प्रकाश त्रिपाठी, शोले वियार, सदानंद यादव, सोनु गुप्ता, गुप्तनाथ पाल, रणजीत जैसवाल, सुशील यादव, लोकनाथ सिंह पटेल, काशीनाथ यादव, अशोक गोड़, छेदी खरवार, विजय पटेल, रतन गुप्ता, सहित तमाम लोगों का तातां लगा रहा?

# शासन के मंडप में 171 जोड़े हुए एक दूजे के

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन आरटीआई मैदान नवीन स्टेडियम में आयोजित किया गया। शादी समारोह का शुभारम्भं मुख्य अतिथि सासंद राज्यसभा डा0 संगीता बलवन्त ने दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। सामुहिक विवाह योजना में कुल 171 जोड़ो का सामुहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामुहित विवाह में नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौधरोपण हेतु फलदार वृक्ष का पौधा उनके हाथों में दिया गया।




सासंद राज्यसभा डा0 संगीता बलवन्त ने नव विवाहित वर-वधुओ को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ो ने 7 फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है उसे आजीवन निर्वहन करे। मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारो को इसका लाभ दिया है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के महत्वकाक्षी योजना को आगे बढ़ाते हुए उ0प्र0 के बेटियो को उन्होने अपनी बेटी मानकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पूरे प्रदेश में चलाया है, जिसका हम सभी सम्मान करते है। उन्होने कहा कि दानो में सर्वश्रेष्ठ दान कन्यादान है। आप जीवन में आगे बढ़े। जिस तरह यहा आज उत्सव हो रहा है वैसे ही आप का जीवन का हर दिन उत्सव भरा हो। उन्होने शादी समारोह में आये हुए वर एवं वधु के परिजनो के प्रति भी शुभकामना व्यक्त की। राज्यसभा सासंद ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत 51 हजार की धनराशि प्रदान किया जा रहा है जिसमें 35 हजार रुपए वधु के खाते में तथा 10 हजार रुपए के उपहार एवं 6 हजार शादी समारोह के आयोजन के लिए दिया जा रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की शादी कराया जा रहा है। जिसमे लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए विवाहित नव दाम्पत्य जोड़ो को उनके विवाहित जीवन के लिए शुभकामनाए दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से बेटियों को बोझ समझने की जो एक मंशा या सोच रहती है, उन सभी कुरीतियों पर एक प्रहार है यह सामुहिक विवाह कार्यक्रम। मिल बाट कर एक सादगी से भरे इस कार्यक्रम में परिणय सुत्र मे बध जाये और दहेज प्रथा तथा बेटियों को बोझ समझने की सोच से उबरकर, हम आगे बढ सके तथा बेटियों को समाज में उनको उचित स्थान दे सके यही मुख्यमंत्री जी मंशा है। आभार जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्त किया।

इस अवसर पर मा0 मंत्री ओमप्रकाश राजभर के प्रतिनिधि सिंहासन, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कलश यात्रा निकालकर विष्णु महायज्ञ का हाडापर में विष्णु महायज्ञ एवं रासलीला का कल से होगा आयोजन

प्रखर संत कबीर नगर। खलीलाबाद विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाडापार में 13 मार्च 2024 दिन बुधवार को नंदिनी गौशाला एवं राधे कृष्ण मंदिर छपरा पूर्वी सरयू तट बिहार घाट के बाबा फलाहारी दास के नेतृत्व में विष्णु महायज्ञ एवं रासलीला का आयोजन किया गया है, बताते चले कि श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन पूर्व प्रधान कृष्णा नाथ यादव के देखरेख में यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को तथा पूर्ण आहुति एवं हवन का विशाल भंडारा दिनांक 21 मार्च दिन बृहस्पतिवार को होगा आप महानुभावों से निवेदन है कि उक्त अवसर पर पधार कर तन मन धन से सहयोग प्रदान कर पुण्य के भागीदार बने में प्रवेश कर गया है। जिसका आगामी १० मार्च ' २०२४ (दिन - रविवार) शुभारंभ हो रहा है। 13 मार्च २०२४, बुधवार को को विशाल कलश शोभा यात्रा '९ बजे पूर्वान्ह से आरंभ होगी जो पूरे ग्राम पंचायत हाडा पारका भ्रमण करते हुए, कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा 13 मार्च २०२४ (बुधवार) को रात्रि ८ बजे से वृंदावन से पधारे संतोष लीला मंडली द्वारा रासलीला का भी मंचन किया जाएगा।

### माहे रमजान में मिलने वाली सुविधाओं के लिए कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



जौनपुर। माहे रमजान में साफ सफाई व अन्य सुविधाओं को दिए जाने के लिए जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मरकजी सीरत कमेटी के पूर्वक अध्यक्ष ने एक ज्ञापन, जिलाधिकारी की कार्यालय पर पूर्व अध्यक्ष अरशद कुरैशी व उनकी टीम ने निम्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, मस्जिदों के अगल-बगल साफ सफाई, मस्जिदों की तरफ खोद कर छोड़ी गई सड़कों का समतलीकरण ,सुबह-शाम नियमित रूप से जलापूर्ति एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा धीमी गति से मानक के अनुरूप स्पीकर बजाने की अनुमति। इस मौके पर मुख्य रूप से बिस्मिल्लाह वारसी शकील मंसूरी ,मौलाना ताज, फिरोज अहमद पप्पू ,शमशेर कुरेशी, मो शाबिर राजा ,सलमान मलिक ,साहिल कुरैशी, दानिश अंसारी ,रहीमुल्ला, अशियम आदि लोग उपस्थित रहे।

### नलकूप मंडल वाराणसी के मनोज कुमार गुप्ता अतिरिक्त महासचिव निर्वाचित

वाराणसी। रविवार, मिनिस्टीरियल एसो० ऑफ सर्किल आफिसेज, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ०प्र० लखनऊ के द्विवार्षिक चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों को हराकर पवन कुमार गौतम, प्रांतीय अध्यक्ष एवं अमित कुमार, प्रान्तीय महामंत्री पद पर विजयी हुए। मिनिस्टीरियल एसोसियेशन ऑफ सर्किल ऑफिसेज, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय पदाधिकारियों का द्विवार्षिक निर्वाचन/चुनाव अमर पब्लिक स्कूल, नियर 14 कोसी परिकमा मार्ग, भीखापुर, अयोध्या में चुनाव अधिकारियों सर्वश्री ई० हिमांशु वर्मा, मण्डल अध्यक्ष इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ एवं ई० संतोष कुमार राठौर, जूनियर इंजीनियर, सर्वेक्षण एवं अनुसंधान खण्ड, सिंचाई भवन एनेक्सी, लखनऊ द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें निम्न प्रान्तीय पदाधिकारी आगामी द्विवार्षिक सत्र हेतु निर्वाचित किये गये। चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रान्तीय उपर्युक्त विजयी घोषित पदाधिकारियों को जिसमें मनोज कुमार गुप्ता अतिरिक्त महासचिव (पूर्व) निर्वाचित होने पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। नवनिर्वाचित प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा सदन से अनुमोदन प्राप्त कर पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष सर्वश्री कैलाश चन्द यादव एवं प्रान्तीय महामंत्री आनन्द कुमार बाजपेयी को संघ का प्रान्तीय संरक्षक एवं सर्वश्री भानू प्रताप सिंह एवं हरीश कुमार श्रीवास्तव को वरिष्ठ परामर्शी नामित किया गया। अन्त में 18वें प्रान्तीय निर्वाचन को सफलता पूर्वक आयोजन कराने के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष एवं प्रान्तीय महामंत्री द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग वाराणसी से विनोद कुमार श्रीवास्तव, जय शंकर सिंह, साधना श्रीवास्तव, संजय प्रधान, आरिफ अंसारी ,मेवाराम , निरंजन आदि मौजूद रहे।

### स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, चार विद्यार्थी घायल

जौनपुर। जिलें के चन्दवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़ - वाराणसी मार्ग पर मुर्खा नहर पुलिया के पास सोमवार की सुबह एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार पिकप ने स्कूल बस को जोरदार टक्कर मार दी। इससे सगे भाई बहन समेत चार छात्र - छात्राएं घायल हो गए। सूचना पर तत्काल पहुंचे प्रबंधक व पुलिस ने सभी का इलाज निजी चिकित्सालय में कराया गया। भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज बजरंगनगर की बस मचहटी से 20 बच्चों को लेकर विद्यालय आ रही थी। बस मुर्खा नहर पुलिया के पास पहुंची ही थी कि वाराणसी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बस को टक्कर मार दी और पलट गई। बस में टक्कर लगते ही चीख पुकार मच गई। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े सभी बच्चों को बाहर निकाला। चार बच्चे जिसमें कक्षा 6 के प्रियांशु, प्रिया यादव व अंश तथा कक्षा 4 की रोशनी घायल हो गए। पिकअप का चालक चंदौली जनपद के शहाबगंज के नरसिंहपुर कला निवासी नरेंद्र भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह ने सभी को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा। बस के चालक कैलाश पाल को मामूली चोटें आईं।

### पीयू गुणात्मक विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता में अग्रणी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज अब शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को परस्पर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने पर दोनों कुलपतियों के बीच सहमति बनीं। साक्षी के तौर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलसचिवगण महेंद्र कुमार, कर्नल विनय कुमार के साथ नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाण्डेय और राजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने निरंतर गुणात्मक और मात्रात्मक विकास, शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्टता, पारदर्शी और कुशल शैक्षणिक प्रशासन जैसी विशेषताओं के आधार पर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाया है। उप्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों से जुड़कर छात्र अपने कैरियर को संवार सकेंगे।

## बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881की धारा 25 के तहत 17 अप्रैल 2024 को 'राम नवमी' पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है।


## बौद्धों के लिए 225 करोड़ की 38 योजनाएं शुरू की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बौद्ध समुदाय के विकास के लिए 225 करोड़ रुपए की 38 परियोजनाओं की वर्चुअल आधारशिला रखी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि रविवार को हमने बौद्ध अल्पसंख्यकों की वृद्धि और समृद्धि के लिए 225 करोड़ की बौद्ध विकास योजना समर्पित की। मंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन में उन्नत अध्ययन केंद्र को मजबूत करने के लिए 30 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की।

## बीएसई को बम से उड़ाने की धमकी, पन्नू पर शक

**मुंबई।** मुंबई के कई बड़े अधिकारियों को बीते दिनों अज्ञात शख्स की तरफ से ईमेल भेजा गया था। इस ईमेल में अधिकारियों को धमकी दी गई थी कि हाईली सेंसिटिव स्थानों पर धमाका किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो इस धमकी भरे मेल में आरोपी ने बीएसई पर 12 मार्च को धमाका करने का जिक्र किया था। बता दें कि 12 मार्च के दिन सील 1993 में ही मुंबई में कई सीरियल बम धमाके हुए थे। उसी दिन बीएसई में भी बम धमाका किया गया था। एक अधिकारी की मानें तो कुछ महीने पहले खालिस्तानी मूवमेंट का प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कई लोगों को रिकॉर्डेड वॉइस कॉल कराया था।

## अमेरिकी एडल्ट स्टार का अपार्टमेंट में शव मिला



**न्यू मेक्सिको।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य में एडल्ट स्टार सोफिया लियोनी की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सोफिया के अपार्टमेंट से उनका शव बरामद हुआ है। हालांकि उनकी मौत का कारण अभी साफ नहीं हुआ है। उनकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। 26 साल की सोफिया के सौतेले पिता माइक रोमेरो ने गो फंड मी की वेबसाइट पर बेटी की मौत की जानकारी दी। माइक वेबसाइट पर सोफिया के अंतिम संस्कार के लिए 5 लाख रुपए की फंडिंग जुटा चुके हैं।

## इजराइल पर हिजबुल्लाह ने बरसाईं 37 मिसाइल

**गाजा।** इजराईली की सेना और हमास आतंकियों के बीच गाजा पट्टी पर हो रहे भीषण युद्ध के बीच इजराइली धरती पर 7 अक्टूबर जैसा हमला हुआ है। उत्तरी इजरायल के माउंट मेरोन इलाके पर आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने रातभर बम बरसाए। रॉकेट हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्लाह ने ले ली है। हिजबुल्लाह ने मिनटों में र37 मिसाइलें दागी। इस हमले में इजराईल की तरफ से सबसे बड़ा फेलियर उसकी मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली आयरन डोम रही, जो 37 में से सिर्फ 7 मिसाइलों को ही जमीन पर आने से रोक पाई। हिजबुल्लाह ने कहा कि वह हमास का बदला ले रहे हैं। बेकसूर फिलिस्तीनियों की बड़े पैमाने पर मौत पर नाराजगी जाहिर की है।

## आज का इतिहास

- 1669 - इटली में एटना ज्वालामुखी फटने से 15,000 लोगों की मौत।
- 1689 - औरंगजेब ने शिवाजी के पुत्र संभाजी की हत्या की।
- 1779 - अमेरिकी सेना ने कोर ऑफ़ इंजीनियर्स की स्थापना की।
- 1810 - नेपोलियन ने ऑस्ट्रिया की मैरी-लुईस से शादी की।
- 1881 - रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कलकत्ता के टाउन हॉल में स्थापित हुई, वह पहले भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा टाउन हॉल में लगाई गई।
- 1895 - स्पैनिश जहाज रीना रेजेंटा जिब्राल्टर में डूबने से 400 यात्रियों की मौत।
- 1915 - क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे का जन्म।
- 1917 - ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया।1918 - मास्को रूस की राजधानी बनी।

राजस्थान में कांग्रेस को बड़ा झटका, दो पूर्व मंत्री व विधायक ने पार्टी छोड़ी

# कांग्रेस के 45 बड़े नेता भाजपा में शामिल

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित कई भाजपा नेता रहे मौजूद

● जयपुर



राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले तीन पूर्व मंत्रियों, पांच पूर्व विधायकों सहित कांग्रेस के करीब चार दर्जन नेताओं के रविवार को भाजपा का दामन लिया। इससे कांग्रेस को बड़ा झटका लगा हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव एवं पूर्व मंत्री खिलाड़ीलाल बैरवा, नागौर के कद्दावर जाट नेता और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा एवं विजयपाल मिर्धा, पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे एवं पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल सहित 45 नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में रामपाल शर्मा, रामनारायण किसान, अनिल व्यास, ओंकार सिंह चौधरी, गोपाल राम कूंकणा, अशोक जांगिड़, प्रिया मेघवाल, सुरेश चौधरी, राजेंद्र परसवाल, शैतान सिंह मेहरड़ा, रामनारायण झाझड़ा, जगन्नाथ बुरड़क, कर्मवीर चौधरी, कुलदीप ढेवा, बच्चू सिंह चौधरी, रामलाल मीणा, महेश शर्मा, रणजीत सिंह मधुसूदन शर्मा सहित अन्य कई नेता भी शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद श्री बैरवा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम भाजपा के साथ आए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी वोट को महज अपना वोट बैंक मानती है जबकि भाजपा ने अर्जुन मेघवाल को केंद्रीय कानून मंत्री बनाया एवं प्रेम चंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया। दलित भाजपा के साथ है और भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हम प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें जीतकर आयेंगे। भाजपा कांग्रेस के शासन में हमारी सुनवाई नहीं होती थी। इस अवसर पर श्री रिछपाल मिर्धा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमारे समाज को आरक्षण दिया।

## हिसार के भाजपा सांसद कांग्रेस में शामिल



**चंडीगढ़।** हरियाणा के हिसार से मौजूदा सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ दी है। रविवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर इस्तीफे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक वजहों से मैं भाजपा छोड़ रहा हूं। इसके तुरंत बाद दिल्ली में उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कांग्रेस पार्टी जॉइन कर ली। बृजेंद्र सिंह ने आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति जॉइन की थी।वहीं सूत्रों के अनुसार बीरेंद्र सिंह की जल्द राहुल गांधी से मुलाकात होगी। जिसके बाद उनकी जॉइनिंग को लेकर फैसला होगा। बीरेंद्र सिंह की जॉइनिंग को लेकर सवाल पूछे जाने पर अजय माकन ने बताया कि वह एक पब्लिक मीटिंग में कांग्रेस जॉइन करेंगे। कांग्रेस जॉइनिंग के बाद बृजेंद्र सिंह ने कहा- मैं आज भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस जॉइन कर रहा हूं। मैं पार्टी के पूरे नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ साथ मैं ये जरूर करना चाहूंगा कि कुछ राजनीतिक ऐसे कारण थे, जिसके कारण मुझे ये निर्णय लेना पड़ा। किसानों, अग्निवीर, महिला पहलवान.. जैसे कुछ ऐसे मुद्दे थे, जिसको लेकर में भाजपा में असहज था। हालांकि मैं इसके लिए लड़ता रहा हूं, और आगे भी लड़ता रहूंगा। बृजेंद्र सिंह किसान नेता सर छोटूराम के पड़नाती हैं। उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह की मां श्रीमती भगवान देवी सर छोटूराम की बेटी थी। पिता-पुत्र लगातार हरियाणा में भाजपा को जजपा से गठबंधन तोड़ने की वकालत कर रहे थे।

### बृजेंद्र ने कहा- मैंने इस्तीफा दिया..

हिसार से भाजपा सांसद चौधरी बृजेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैंने राजनीतिक कारणों से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मुझे हिसार के संसद सदस्य के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं।

### टिकट कटने से लिया फैसला

रविवार दोपहर तक हरियाणा को लेकर भाजपा उम्मीदवारों की कोई लिस्ट नहीं आई, लेकिन चर्चा यह है कि पहली लिस्ट में 6 उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो चुके हैं।

## यूएन में भारत ने सुनाई खरी-खरी




**नई दिल्ली।** यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने न्यूयॉर्क में 78वें सेशन की अनौपचारिक बैठक में कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में आवश्यक सुधारों की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों पर एक दशक से ज्यादा समय से चर्चा चल रही है, लेकिन नतीजा नहीं निकला है। कंबोज ने कहा कि करीब एक चौथाई सदी बीत चुकी है। दुनिया और हमारी आने वाली पीढ़ियां अब और इंतजार नहीं कर सकतीं। उन्हें और कितना इंतज़ार करना होगा?

कंबोज ने यूएन में सुधारों की शुरुआत में देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्ष 2000 में मिलेनियम शिखर सम्मेलन में वर्ल्ड लीडर्स ने सिक्योरिटी काउंसिल के सभी पहलुओं में व्यापक सुधार लाने के प्रयासों को तेज करने का संकल्प लिया था। रुचिरा कंबोज ने सुझाव दिया कि अगले साल संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ है और सितंबर में एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन होने वाला है। ऐसे मौकों पर इन जरूरी सुधारों को पेश किया जाना चाहिए। युवा और भावी पीढ़ियों की आवाज पर ध्यान दें। रुचिरा ने कहा कि हमें अफ्रीका सहित युवा और भावी पीढ़ियों की आवाज पर ध्यान देते हुए सुधार को आगे बढ़ाना चाहिए, जहां ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करने की मांग और भी मजबूत हो रही है।

## ऑस्कर सेरेमनी आज: 2024 में फिल्म ओपेनहाइमर को 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन




**लॉस एंजिलिस।** 96वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी 11 मार्च यानी सोमवार को है। भारतीय समय के अनुसार यह 11 मार्च को सुबह 4 बजे से शुरू होगी।

लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में होने जा रही इस सेरेमनी में फिल्म ओपेनहाइमर को 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिले हैं। भारत की तरफ से कोई भी फिल्म इस बार ऑस्कर के लिए शॉर्ट लिस्ट नहीं हो पाई है। पिछले साल भारत को दो ऑस्कर मिले थे। वैसे, ऑस्कर का 96 साल पुराना इतिहास काफी दिलचस्प है। क्या आप जानते हैं कि 1929 में पहले एकेडमी अवॉर्ड में ज्यूरी किसी एक्टर को नहीं बल्कि एक डॉग को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड देना चाहती थी। इतना ही नहीं, ऑस्कर में विनर सिलेक्शन प्रोसेस भी काफी रोचक है। जब ज्यूरी विनर का नाम तय कर लेती है, तो एक ब्रीफकेस में विनर के नाम को बंद कर दिया जाता है और उसे सीक्रेट लोकेशन पर छुपा दिया जाता है। हालांकि ऑस्कर अवॉर्ड के इतिहास में भारतीय फिल्मों का इतिहास भी काफी गहरा है। हालांकि उनमें से कोई भी फिल्म इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को बेस्ट फिल्म के तौर पर जीतने में नाकाम रही हैं।

## राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़ अचानक दिल्ली पहुंचे

**अहमदाबाद।** राहुल गांधी रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर अचानक दिल्ली रवाना हो गए। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची के मंथन के लिए वह दिल्ली गए हैं। कांग्रेस के 39 कैंडिडेट की पहली सूची 8 मार्च को आई थी।

गुजरात में राहुल की यात्रा का रविवार को आखिरी दिन था। बारडोली के स्वराज आश्रम का दौरा कर व्यारा राहुल गांधी रविवार को पहुंचे थे। गुजरात के सोनगढ़ का कार्यक्रम रद्द हो गया, अब यात्रा मंगलवार को महाराष्ट्र से शुरू होगी। इससे पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है, लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। श्री गांधी ने ट्वीट किया कि भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक एलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को ख़त्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफ़रत है।



### सोनगढ़ का कार्यक्रम रद्द, मंगलवार को महाराष्ट्र से शुरू होगी यात्रा

उन्होंने कहा कि समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आज़ादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी रविवर को न्याय यात्रा को स्थगित कर अचानक दिल्ली पहुंच गए।

## पंजाब के 22 जिलों में 52 जगहों पर किसानों ने रोकी रेल



**100 ट्रेनें प्रभावित, यात्रियों को हुई परेशानी**

**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन के अंतर्गत अबोहर, फाजिल्का और जलालाबाद में रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। रेल परिचालन बाधितक होने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। अबोहर स्टेशन पर भारतीय किसान यूनियन खोसा ने, जलालाबाद में भारतीय किसान यूनियन उगराहा और फाजिल्का में बीकेयू डकोदा ने चक्का जाम किया। केन्द्र सरकार और किसनों के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान रविवार को पूरे पंजाब के 22 जिलों में 52 स्थानों पर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक रेल रोको आंदोलन चलाया गया। इसमें करीब 100 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई और लाखों रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**किसान विरोधी नीति के खिलाफ पंजाब रेल रोके आंदोलन:** अबोहर स्टेशन पर रेल ट्रेक जाम करने वाले भाकियू खोसा के प्रांतीय सचिव गुणवंत सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की कारपोरेट हितैषी नीतियां किसानों को खत्म करने पर तुली हुई है। इसके विरोध में पिछले 17 दिनों से शंभू बार्डर पर धरना दिया जा रहा है. लेकिन, सरकार किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि सरकार की इसी किसान विरोधी नीति के खिलाफ आज पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन चलाया गया।

**चार घंटे का आंशिक जाम किया गया:** गुणवंत सिंह ने कहा कि पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के तहत 100 से अधिक ट्रेने प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि रविवार को चार घंटे का आंशिक चक्का जाम किया गया है और इसके बाद 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत में भाग लेने के लिए पंजाब से बड़ी संख्या में किसान दिल्ली पहुंचेंगे। वहां सरकार के खिलाफ बड़े संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। 14 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में किसान रेलों और बसों आदि में सवार होकर दिल्ली पहुंचेंगे।

## राजस्थान में डीलर्स की वार्ता विफल वैट कम करने पर नहीं बनी सहमति

**पेट्रोल-पंप संचालकों की हड़ताल**

**जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल-पंप संचालकों की हड़ताल जारी रहेगी। संचालकों की सरकार के साथ वार्ता विफल हो गई है। वैट कम करने पर सहमति नहीं बनी है।

राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर रविवार को सुबह 6 बजे से प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर हड़ताल शुरू हो गई है। पेट्रोल-डीजल पर वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) की दरों में कमी की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। हड़ताल 12 मार्च (सुबह 6 बजे) तक जारी रहेगी। राजस्थान में रविवार से 12 मार्च की सुबह 6 बजे तक सभी पेट्रोल पंप बंद रहेंगे।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन सदस्य सोमवार को जयपुर में सचिवालय का घेराव करेंगे। रविवार सुबह 6 बजे से 12 मार्च 6 बजे तक हड़ताल रहेगी। वैट कम करने और कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर पेट्रोल पंप संचालक हड़ताल पर है। पेट्रोल पंप संचालकों ने हड़ताल के दौरान जिला प्रशासन को भी किसी भी तरह से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं कराने का निर्णय लिया है।

## काला जठेड़ी और लेडी डॉन की शादी 12 को दिल्ली पहुंच रहे डॉन-गैंगस्टर, पांच शूटर दबोचे

**दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल सुरक्षा देने हुई सक्रिय**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में 12 मार्च को देश की चर्चित शादी यानि दो गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा की शादी हो रही है। इस शादी में शामिल होने और डॉन को सुरक्षा देने के लिए गिरोह के शूटरों का दिल्ली पहुंचना शुरू हो गया है। इन क्रियाकलापों पर नजर रख रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरोह के पांच शूटर राहुल उर्फ बाबा, परवीन उर्फ दादा, रोहताश, मोहन और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। ये विरोधी हिमांशु भाऊ गिरोह के सदस्यों की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। सेल में तैनात इंस्पेक्टर संदीप डबास को सात मार्च को सूचना मिली थी कि काला जठेड़ी-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कुछ सदस्य डीडीए पार्क, सेक्टर 16, द्वारका के पास आएंगे और उनके पास अवैध हथियार भी होंगे। एसीपी संजय दत्त की देखरेख में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच आरोपी राहुल उर्फ बाबा, परवीन उर्फ दादा, रोहताश, मोहन और सचिन को गिरफ्तार कर लिया। राहुल उर्फ बाबा के कब्जे से चीन में बनी पीएक्स 30 पिस्तौल, परवीन उर्फ दादा के कब्जे से एक पी-बेरेटा पिस्तौल, रोहताश के पास से .32 बोर पिस्तौल, मोहन व सचिन के पास से एक देशी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए।



## युवा वैज्ञानिक गोपाल जी की टीम नासा जाएगी

**चंद्रमा पर उतरने वाला ह्यूमन रोवर बनाया**

**नवगछिया।** भारत के सबसे युवा वैज्ञानिक नवगछिया के लाल कहे जाने वाले गोपाल जी तीन बार अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा का बुलाया ठुकराने के बाद, चौथी बार वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं। वैज्ञानिक गोपाल जी इस बार अपनी टीम के साथ चंद्रमा पर उतरने वाला ह्यूमन रोवर के प्रेजेंटेशन के लिए नासा जा रहे हैं। इस प्रजेंटेशन में पहुंचने के लिए उन्होंने हजारों टीमों को पीछे छोड़ा है और नासा के इस साइंस ओलंपिक में चयनित 30 टीमें में जगह बनाई है। नासा द्वारा 19 और 20 अप्रैल को आयोजित ह्यूमन एक्सपलोरेन्स रोवर चैलेंज कार्यक्रम के लिए नवगछिया के लाल देश के युवा वैज्ञानिक गोपाल जी के संस्था व उनकी टीम का चयन हुआ है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध : पीएम मोदी की दखल से टला एटमी युद्ध का खतरा



**अमेरिकी रिपोर्ट में भारत और अन्य देशों पर दावा**

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन का संघर्ष दो साल पुराना है। फरवरी, 2022 में शुरू हुए हिंसक संघर्ष और गहराते मानवीय संकट के बीच बीते 24 महीने में इस युद्ध के एटमी संघर्ष की तरफ बढ़ने की कई रिपोर्ट्स भी सामने आईं। दोनों देशों के निवासी भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी या उनकी सुरक्षा के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमान संभाली थी। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएम मोदी और कई वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण परमाणु युद्ध को टाला जा सका।

**पीएम मोदी की पहल पर अमेरिकी अधिकारियों ने क्या कहा:** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के प्रशासन में शामिल दो शीर्ष अधिकारियों के हवाले से आई सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों का टकराव रोकने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। इस रिपोर्ट का दावा है कि पीएम मोदी और कई अन्य वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण रूसी सेना और पुतिन को समझाने में कामयाबी मिली। इसके बाद ही यूक्रेन पर परमाणु हमला टाला जा सका।

## दहल ने फिर किया मंत्रिमंडल विस्तार

**काठमांडू।** नेपाली पीम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस को छोड़ सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन के कुछ दिनों बाद रविवार को कैबिनेट विस्तार किया, जिसमें दो नए मंत्रियों को शामिल किया गया। पीएम प्रचंड ने मंत्रिमंडल का दूसरी बार विस्तार किया है। प्रचंड ने वरिष्ठ मधेसी नेता व जेएसपी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव को जनसंख्या और स्वास्थ्य मंत्री और जेएसपी के कोशोर शाह को वन मंत्री के तौर पर कैबिनेट में जगह दी है। अब मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन में 5 राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व है। प्रचंड 13 मार्च तक संसद में विश्वास मत हासिल करने की योजना बना रहे हैं।

Filmi तड़का

## ऐश्वर्या-प्रियंका से मिलती है प्रेरणा : आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने अलग-अलग तरह की फिल्में कर अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उड़ता पंजाब, गंगूबाई काठियावाड़ी और रॉकी और रानी की प्रेम कहानियां सहित अन्य फिल्में इस लिस्ट में शामिल हैं।

आलिया ने इंडस्ट्री की 3 एक्ट्रेस को अपनी प्रेरणा बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ये तीनों ही उनकी दोस्त भी हैं।तीनों एक्ट्रेस ने दिखाई राहः आलिया ने फोर्ब्स 3050 इवेंट में ये बातें कही हैं। आलिया ने कहा कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेससे ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका (पादुकोण), ये ऐसे कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है।

## दूसरे दिन 'शैतान' की कमाई में बंपर उछाल तीन दिन में करेगी 50 करोड़ का आंकड़ा पार

**बॉक्स आफिस कलेक्शन डे-2**



**मुंबई।** अजय देवगन और आर माधवन फिल्म 'शैतान' को लेकर चर्चा में हैं। इसे 8 मार्च महिला दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से अच्छा खासा रिस्पांस मिला है।

पॉजिटिव रिव्यू के बीच फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। पहले दिन जहां मूवी ने 15.21 करोड़ के साथ ओपनिंग की। वहीं, दूसरे दिन मूवी के कलेक्शन में बंपर उछाल देखने के लिए मिली। उनकी पोस्ट के अनुसार फिल्म ने दूसरे दिन यानी कि शनिवार को 19.18 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, पहले दिन 15.21 करोड़ इसका कलेक्शन रहा। दोनों दिन की कमाई के बाद 'शैतान' का टोटल कलेक्शन 34.39 करोड़ तक पहुंच गया है।3 दिन में पार कर सकती है।

## उद्धव ठाकरे ने उत्तर-पश्चिम मुंबई से कैंडिडेट घोषित किया

### संजय निरूपम बोले- बची-खुची शिवसेना के प्रमुख कांग्रेस को नीचा दिखाने की हरकत कर रहे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के दो दल शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच विवाद हो गया है।

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को नॉर्थ-वेस्ट मुंबई से अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। स पर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा- यह कांग्रेस को नीचा दिखाने की हरकत है।

**निरुपम ने सोशल मीडिया पर खास बातें लिखीं**

1. शिवसेना बची-खुची पार्टी 2. शिवसेना ने चर्चा के बीच कैंडिडेट घोषित किया 3. शिवसेना उम्मीदवार खिचड़ी स्कैम का घोटालेबाज 4. क्या ऐसे घोटालेबाज के लिए शिवसेना-कांग्रेस नेता प्रचार करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हेल्थ टॉक का आयोजन



नई दिल्ली (वि.)। एनएमडीसी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हैदराबाद में हेल्थ-टॉक का आयोजन किया। इस अवसर पर अपोलो अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. साई लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरुकता विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एनएमडीसी ने कहा कि महिला दिवस आयोजन के अवसर पर समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण होता है। इस मौके पर एचवाईबीआईजेड ने उद्योग क्षेत्र में अग्रणी महिलाओं के लिए 'आवार्ड -शो' का आयोजन किया। इस अवसर पर जी. अनुपमा, महाप्रबंधक और पी. शांति महाप्रबंधक (वाणिज्य) को वित्त श्रेणी में एचवाईबीआईजेड महिला नेतृत्व पुरस्कार- 2024 प्रदान किया गया।

### रियलमी के नए फोन

नई दिल्ली। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12+5जी लांच किए गए हैं। रियलमी 12+ 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस), 2एक्स इन-सेंसर ज़ूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रिट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बहुत ही स्पष्ट, डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रिट कैप्चर करने में सक्षम है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी लगी है।

### बोल्ट ने उतारा नया उत्पाद

नई दिल्ली। वियरेबल टेक ब्राण्ड बोल्ट ने आज ट्रू वायरलैस साउण्ड में नए इनोवेशन मेड-इन-इंडिया ज़ैड40 अल्ट्रा के लांच की घोषणा की है। एआई पावर्ड बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग, शानदार साउण्ड क्वालिटी, बेहतरीन टच कंट्रोल के साथ आज के टेक-सेवी उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा प्रदान करता है। इसका एक और फीचर है प्रिज़्म वॉइस पीएलसी, जिसके चलते बातचीत में कोई रूकावट नहीं आती। ज़ैड40 अल्ट्रा में ड्यूल ऑडियो प्रोसेसिंग, एक्सटेंडेड बैटरी लाईफ, स्विफ्ट सिन्क्रोनस ऑडियो ट्रांसफर और अडेप्टिव इक्वीलाइज़ेशन मोड के लिए ड्यूल स्ट्रीम डीएसपी के साथ ज़ैड40 अल्ट्रा शानदार परफार्मेन्स देता है।

### लॉड्‌र्स मार्क ने की ई-स्मार्ट क्लिनिक विस्तार की शुरुआत

मुंबई। आईवीडी उत्पाद बनाने वाली अग्रणी कंपनी लॉड्‌र्स मार्क इंडस्ट्रीज, आईआईटी दिल्ली की पहल एफआईटीटी (फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) और भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के साथ मिलकर ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर करने को लेकर ई-स्मार्ट क्लिनिक परियोजना का कार्यान्वयन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स राजकोट में इस परियोजना की शुरुआत की थी। इस पहल को लेकर पिछले दिनों आईआईटी दिल्ली में लॉड्‌र्स मार्क इंडस्ट्रीज और उन्नत भारत अभियान ने एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। यह जानकारी लॉड्‌र्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मानव तेली ने दी। लॉड्‌र्स मार्क इंडस्ट्रीज ने अपने टेक्नोलॉजी पार्टनर डोजी के साथ मिलकर ई-स्मार्ट क्लिनिक का विकास किया है। इसके तहत पेटेंटेड टेक्नोलॉजी की मदद से बिना किसी बाहरी अटैचमेंट के मरीजों से जुड़े अहम मापदंडों (पैरामीटर्स) का पता लगाया जाता है। महज 20 मिनट में खून की जांच करने में सक्षम क्लिनिक ग्रामीण मरीजों को ऑनलाइन तरीके से शीर्ष डॉक्टरों से कनेक्ट कर देती है जिनसे वे अपनी स्थानीय भाषा में संवाद कर पाते है। लॉड्‌र्स मार्क इंडस्ट्रीज ने बायोकेमिस्ट्री और हेल्थ कियोस्क के लिए पेटेंट दाखिल किया है, जिनके जांच नतीजे 99 फीसदी तक सही पाए गए है।

# फार्मूला रेसिंग ईंधन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी होगी इंडियन आयल

■ अगले तीन महीने में उत्पादन शुरू कर देगी कंपनी ■ विशिष्ट ईंधन क्षेत्र में विस्तार कर रही है कंपनी

नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन लि. (आईओसी) ने ईंधन ग्रेड में एक-के-बाद-एक नवोन्मेषण किए हैं। अब सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी की निगाह ग्रां प्री पर है और अगले तीन महीने में यह 'एड्रेनलाइन पंपिंग' फॉर्मूला-वन (एफ 1) मोटर रेसिंग में इस्तेमाल किए जाने वाले ईंधन का उत्पादन शुरू कर देगी।

कंपनी विशिष्ट ईंधन के क्षेत्र में विस्तार की रणनीति के तहत इस दिशा में कदम उठा रही है। आईओसी के चेयरमैन माधव वैद्य ने कहा कि कंपनी की पारादीप रिफाइनरी में तीन महीने में फार्मूला-वन कार रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले पेट्रोल का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी की भारत के ईंधन बाजार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह फार्मूला-वन ईंधन का उत्पादन करने वाली देश की पहली और वैश्विक स्तर पर कुछ चुनिंदा कंपनियों में शामिल जाएगी। वैद्य ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि उसके फॉर्मूला-वन ईंधन को तीन माह में प्रमाणन मिल जाएगा। इसके बाद वह इस ईंधन की आपूर्ति एफ-1 टीम को करने के लिए शेल जैसी वैश्विक कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करेगी।




■ कंपनी ने इसके लिए ईंधन के ग्रेड में किए हैं कई तरह के नवोन्मेष
■ कंपनी की पारादीप रिफाइनरी में अगले तीन माह में फार्मूला वन रेसिंग गड़ियों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन शुरू हो जाएगा

आईओसी के पास पहले से ही तीन ब्रांडेड ईंधन हैं। इसमें अधिक बिकने वाला एक्स्ट्राग्रीन डीजल भी शामिल है। 'फॉर्मूला वन' ईंधन ऐसा होता है, जो काफी उल्लेखनीय प्रदर्शन देता है। वैद्य ने कहा कि कंपनी 'स्टॉर्म' पेट्रोल पेश करने के साथ रेसिंग खंड में उतर गई है। 'स्टॉर्म' का इस्तेमाल 'मोटरसाइकिल रेसिंग' क्षेत्र में होता है।

## कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो हफ्ते में

नई दिल्ली (भाषा)।

कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है।

वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसम्बर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया।

अधिकारी ने कहा, 'नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी।' आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## टैक्स व वित्तीय लेनदेन बेमेल होने पर नोटिस भेज रहा आयकर विभाग

**नई दिल्ली (भाषा)।** आयकर विभाग ने उन करदाताओं को ईमेल और एसएमएस भेजना शुरू कर दिया है, जिनका चालू वित्त वर्ष के दौरान दिया गया कर उनके वित्तीय लेनदेन के अनुरूप नहीं है। विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग एक ई-अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों/इकाइयों को महत्वपूर्ण वित्तीय लेनदेन के बारे में ईमेल (आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अग्रिम कर ई-अभियान-महत्वपूर्ण लेनदेन के रूप में चिह्नित) और एसएमएस के माध्यम से सूचित करना है, और उनसे अपने अग्रिम कर की गणना करने, कर देनदारी सही से भरने और बकाया अग्रिम कर 15 मार्च या उससे पहले जमा करने का आग्रह करना है।

एक बयान में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि आयकर विभाग को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान व्यक्तियों/इकाइयों द्वारा किए गए विशिष्ट वित्तीय लेनदेन पर कुछ जानकारी प्राप्त हुई है। सीबीडीटी ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष के दौरान अबतक भुगतान किए गए करों के विश्लेषण के आधार पर, विभाग ने ऐसे व्यक्तियों/इकाइयों की पहचान की है जिनके वित्त वर्ष 2023-24 (आकलन वर्ष 2024-25) के लिए करों का भुगतान उनके द्वारा किए गए वित्तीय लेनदेन के अनुरूप नहीं है।' इसमें कहा गया कि यह करदाताओं के लिए अनुपालन को सुगम बनाने और करदाता सेवाओं को बढाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में विभाग की एक और पहल है।

# अब सस्ती मिलेंगी स्विस घड़ियां

■ भारत-ईएफटीए के बीच हुआ मुक्त व्यापार करार ■ इससे स्विस चॉकलेट व अन्य उत्पाद भी होंगे सस्ते

■ इससे देश को 15 सालों में मिलेगा सौ अरब डालर का निवेश | ■ वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने करार को ऐतिहासिक बताया | ■ कहा, भारत का पहला करार जिसमें विकसित देश हैं शामिल | ■ ईएफटीए में स्विट्जरलैंड, नार्वे लीशटेंस्टीन व आइसलैंड शामिल

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डालर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डालर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा, 'ईएफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी।'

मुक्त व्यापार समझौते के तहत, दो व्यापारिक साझेदार सेवाओं और निवेश को बढावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाने के अलावा, उनके बीच व्यापार की वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी कम या समाप्त कर देते हैं। भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया।

ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और तेज करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे।

### यह करार एक मुक्त, निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा, 'भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछले 10 साल में भारत की अर्थव्यवस्था ने एक लंबी छलांग लगाई है। दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।' उन्होंने कहा कि भारत इन देशों को हरसंभव सहायता देगा और उद्योग तथा व्यवसायों को आगे बढ़ने में सुविधा देगा।

वाल्ट डिज्नी के सीईओ को उम्मीद

## रिलायंस के साथ विलय से कंपनी का मुनाफा बढ़ेगा

नई दिल्ली (भाषा)।

वॉल्ट डिज्नी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉब इगर का मानना है कि भारतीय कारोबार के विलय के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ संयुक्त उद्यम से कंपनी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारतीय बाजार में कंपनी के कारोबार का 'जोखिम' कम होगा।

इस सप्ताह की शुरुआत में मोर्गन स्टेनली निवेशक सम्मेलन में इगर ने कहा कि विलय सौदे से एक बड़ी इकाई बनेगी और उसे बाजार में 'महत्वपूर्ण स्तर' पर बने रहने में मदद मिलेगी। इगर ने कहा, 'हमें रिलायंस के साथ जुड़ने का अवसर मिला, जाहिर तौर पर यह वह कंपनी है जिसने वहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जिसका हम सम्मान करते हैं। और ऐसा करने के साथ हम एक बड़ी मीडिया कंपनी में हिस्सेदार बन गए हैं। हमारा मानना है कि, न केवल इससे हमारा लाभ बढ़ेगा, बल्कि हमारा कारोबारी जोखिम भी कम होगा।'



पिछले महीने वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए पक्के समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत रिलायंस और उसकी सहयोगी इकाइयों के पास संयुक्त उद्यम में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। डिज्नी के पास 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। इससे देश में बड़ी मीडिया कंपनी अस्तित्व में आएगी, जिसके पास दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और लगभग 120 टेलीविजन चैनल होंगे।

उन्होंने कहा, 'हम भारत में रहना चाहते हैं। हमने जब ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी फॉक्स की संपत्तियां खरीदी थीं, तो यह एक बड़ा निवेश था। हम भारत की सबसे बड़ी मीडिया कंपनियों में से एक हैं। भले ही यह दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश है, हमें लगा कि हमें वहां रहना चाहिए। हमें यह भी पता है कि उस बाजार में चुनौतियां हैं।'

इगर ने कहा कि विलय से एक बड़ी इकाई बनेगी और उसे बाजार में 'महत्वपूर्ण स्तर' पर बने रहने में मदद मिलेगी। इस सौदे के अनुसार, संयुक्त उद्यम का मूल्य 70,352 करोड़ रुपये (8.5 अरब डालर) आंका गया है। अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस ने जापान की सोनी और नेटफ्लिक्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों का मुकाबला करने के लिए संयुक्त उद्यम में 11,500 करोड़ रुपये का निवेश करने पर सहमति व्यक्त की है।

### क्लब एचपी फर्स्ट अभियान शुरू हुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की अग्रणी एनर्जी कम्पनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पहली बार 'क्लब एचपी फर्स्ट' लांच कर अपने उद्योग को नया मानक दिया है। इस मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में एचपीसीएल के निदेशक विपणन, अमित गर्ग, कार्यकारी निदेशक रिटेल, संदीप माहेश्वरी, कार्यकारी निदेशक, सीएसआर, राजीव गोयल, महाप्रबंधक (प्रभारी) एनजैड व अविनाश जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

'क्लब एचपी फर्स्ट' आईटीपीएस तकनीक के जरिए ग्राहकों को सशक्त बनाती है। आईटीपीएस यह भरोसा देता है कि बिलिंग में कोई त्रुटि नहीं होगी और हम 'जितना भरेंगे उतने का बिल' देंगे। इसके तहत ग्राहकों के मोबाइल फोन पर तुरंत ई-रसीद मिल जाएगी।


## टेस्ला के हिसाब से नहीं बनेगी पालिसी : गोयल

■ सभी ईवी निर्माताओं को ध्यान में रख कर तैयार किए जाएंगे नए नियम

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है। टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डालर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70% सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें।



उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है, और अंतर-मंत्रालयी परामर्श तथा हितधारकों के साथ बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यूरोप, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और दुनियाभर के संभावित निवेशकों के साथ भी संवाद चल रहा है। भारत में मोटर वाहनों पर उच्च शुल्क लागू है।

## एफपीआई ने मार्च में किया ₹6139 करोड़ का निवेश

■ मजबूत आर्थिक वृद्धि के कारण बाजार के प्रति वैश्विक निवेशकों का आकर्षण बरकरार

नई दिल्ली (भाषा)।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है।

डिपाजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

बीडीओ इंडिया के भागीदार और लीडर (एफएस टैक्स, टैक्स एंड रेगुलेटरी सर्विसेज) मनोज पुरोहित ने कहा, 'पिछले महीने की तुलना में मार्च में एफपीआई का रुख अधिक सकारात्मक दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।



इसके अलावा भारत की बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इस वजह से एफपीआई के बीच भारतीय शेयर बाजार का आकर्षण बना हुआ है।'

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'तीन कारणों से एफपीआई भारतीय बाजार में रुचि दिखा रहे हैं। इनमें बाजार की मजबूती और अमेरिकी में बांड प्रतिफल में गिरावट के अलावा जीडीपी की वृद्धि दर के उम्मीद से बेहतर आंकड़े शामिल हैं।' शेयरों के अलावा एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में ऋण या बांड बाजार में 1,025 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ऋण या बांड बाजार की बात की जाए, तो एफपीआई पिछले कुछ महीनों से जेपी मोर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बांड को शामिल करने की घोषणा से प्रभावित होकर ऋण बाजार में पैसा लगा रहे हैं।

उन्होंने बांड बाजार में फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये, जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये, दिसम्बर में 18,302 करोड़ रुपये डाले थे।

# 63 फीसद महिलाएं शुरू करना चाहती हैं अपना कारोबार

■ महिलाओं के लिए अब भी पसंदीदा बना हुआ है नकद लेनेदन ■ 41 फीसद महिलाएं नहीं करती हैं किसी भी भुगतान ऐप का इस्तेमाल

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

देश में 50 लाख से अधिक खुदरा टच प्वाइंट वाले अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनियरबाय के सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं।

यह बात, खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा वित्तीय खपत को दर्शाने वाली अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 'पेनियरबाय वीमेन फाइनेंशियल इंडेक्स के अंग के रूप में साझा की गई है। कंपनी ने देश में 5,000 से अधिक खुदरा स्टोरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें वहां उपस्थित महिला उपभोक्ताओं के वित्तीय लेन-देन को रिकार्ड किया गया।

रिपोर्ट में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की प्राथमिकता पर रोशनी डाली गई, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने कहा कि वे नकद निकासी के लिए एईपीएस का विकल्प चुनती है। नकद लेन-देन अब भी पसंदीदा तरीका बना हुआ है, 48 प्रतिशत महिलाएं इसके पक्ष में हैं। आधार-आधारित लेनदेन और यूपीआई क्यूआर कोड दहाई अंक में प्रगति पर है। इस खंड में कार्ड्स की उपस्थिति न्यूनतम बनी हुई है।



रिपोर्ट के अनुसार 18-30 साल और 31-40 वर्ष की महिलाएं, डिजिटल रूप से सबसे अधिक कुशल है, जो वित्तीय लेनदेन के प्रति एक मज़बूत रुझान दिखाती है। दिलचस्प बात यह है कि 41 प्रतिशत महिलाओं ने उल्लेख किया कि वे अपने फोन पर किसी भी भुगतान ऐप का उपयोग नहीं करती है।

पेनियरबाय खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा प्राप्त की जाने वाली शीर्ष तीन सेवाएं प्रदान करती है। इनमें नकद निकासी, मोबाइल रिचार्ज और बिल भुगतान शामिल है। इन सेवाओं में सबसे आम नकद निकासी सीमा ₹1000-₹2500 के बीच है, जबकि ईएमआई भुगतान आमतौर पर 500-1000 के बीच है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं के पास जन-धन बचत खाते है जिनका उपयोग मुख्य रूप से नकद निकासी के लिए किया जाता है। 25 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने स्वीकार किया कि उनके बैंक खाते उनके बजाए उनके पति संभालते है।

## आक्रामक विस्तार की तैयारी में है एमजी मोटर

नई दिल्ली (भाषा)।

जेएसडब्ल्यू समूह से निवेश मिलने के बाद एमजी मोटर को आक्रामक विस्तार योजना के साथ और तेजी से वृद्धि की राह पकड़ने की उम्मीद है। कंपनी के मानद सीईओ राजीव छाबा ने यह राय जताई है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने देश में अपनी यात्रा के पहले चरण में प्रौद्योगिकी, ग्राहक अनुभव, लैंगिग विविधता और सामुदायिक सेवा के आधार पर पहले की मजबूत नींव स्थापित कर चुकी है। उन्होंने कहा, 'अब हम अगले चरण की वृद्धि की राह पर हैं।' चाबा ने कहा, 'अब निवेशक के आने के बाद मैं निश्चित रूप से तेज वृद्धि की राह और अधिक आक्रामक विस्तार योजनाओं की उम्मीद करूंगा।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल: विदर्भ लड़खड़ाया, 31 रन पर गंवाए तीन विकेट

# विदर्भ ने मुम्बई को 224 रन पर समेटा

**मुम्बई (एजेंसी)।** हर्ष दुबे और यश ठाकुर की तीन-तीन विकेटों की घातक गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने रणजी ट्राफी के फाइनल मुकाबले में पहली पारी में मुंबई को 224 रन के स्कोर पर समेट दिया है और इसके बाद 31 रन पर तीन विकेट गंवा कर मैच में संघर्ष कर रहा है। यहां विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

विदर्भ अपने कप्तान अक्षय वड़कर के फैसले को सही करते हुए मुंबई को 64.3 ओवर में 224 रन पर ढ़ेर कर दिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 81 रन जोड़े। यश ठाकुर ने भूपेन को 37 रन पर आउट कर विदर्भ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी को 46 रन पर बोल्ड ऑउट कर पवेलियन भेज दिया। शार्दुल ठाकुर ने मुम्बई के लिए 69 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 75 रन बनाये। शम्स मुलानी 13 रन, तुषार देशपांडे 14 रन बनाकर आउट हुये। पांच बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके और पूरी टीम 224 रन पर ऑल आउट हो गई। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिये। उमेश यादव को दो विकेट मिले। आदित्य ठाकरे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। करुण नायर और ध्रुव शौरी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये। करुण को कुलकर्णी ने तामोरे के हाथों कैच आउट कराया और ध्रुव को शार्दुल ने पगबाधा आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ बो. दुबे | 46 | 63 | 5/0 |
| भूपेन ललवानी कै.वाडकर बो. यश | 37 | 64 | 4/0 |
| मुशीर खान पवबाधा दुबे | 06 | 12 | 1/0 |
| रहाणे कै. शोरे बो. दुबे | 07 | 35 | 0/0 |
| श्रेयस अय्यर कै. नायर बो. यादव | 07 | 15 | 1/0 |
| हार्दिक तोमर कै. वाडकर बो. ठाकरे | 05 | 41 | 0/0 |
| शैम्स मुलानी पगबाधा यश ठाकुर | 13 | 37 | 0/1 |
| शार्दुल ठाकुर कै. दुबे बो. यादव | 75 | 69 | 8/3 |
| तनुष कोटियन कै. वाडकर बो. यश | 08 | 12 | 1/0 |
| तुषार देशपांडे रन आउट | 14 | 34 | 2/0 |
| धवल कुलकर्णी नाबाद | 00 | 07 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 06, **कुल:** 64.3 ओवर में 224 रन आलआउट, **विकेट पतन:** 1-81, 2-89, 3-92, 4-99, 5-111, 6-111, 7-154, 8-176, 9-218, 10-224, **गेंदबाजी:** उमेश यादव 13.3-2-43-2, आदित्य ठाकरे 16-6-36-1, हर्ष दुबे 20-3-62-3, यश ठाकुर 11-2-54-3, आदित्य सरवटे 4-0-25-0,

| विदर्भ पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायडे नाबाद | 21 | 46 | 2/0 |
| ध्रुव शौरे पगबाधा ठाकुर | 00 | 03 | 0/0 |
| अमन मोखड़े कै. तोमर बो. कुलकर्णी | 08 | 15 | 2/0 |
| करुण नायर कै. तोमर बो. कुलकर्णी | 00 | 12 | 0/0 |
| आदित्य ठाकरे नाबाद | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 02, **कुल:** 13 ओवर में 31 रन पर तीन विकेट, **विकेट पतन:** 1-1, 2-20, 3-24, **गेंदबाजी:** शार्दुल ठाकुर 5-0-14-1, धवल कुलकर्णी 6-2-9-2, तुषार देशपांडे 2-0-8-0,



**रहाणे और श्रेयस फिर फ्लॉप**

टीम इंडिया में वापसी की कोशिश में जुटे रहाणे और श्रेयस फिर फ्लॉप रहे। यह दोनों तमिलनाडु के खिलाफ रणजी सेमीफाइनल में भी फ्लॉप रहे थे। वहीं, शार्दुल ठाकुर ने एकबार फिर बल्ले से कमाल दिखाया और 69 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 75 रन की पारी खेली। तनुश कोटियान आठ रन और तुषार देशपांडे 14 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह मुंबई की पारी 224 रन पर सिमट गई। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं उमेश यादव को दो विकेट मिले। आदित्य ठाकरे ने एक विकेट लिया।

# नोवाक जोकोविच ने अलेक्जेंडर को हराया

## इंडियन वेल्स: जोकोविच की 5 साल बाद वापसी



**इंडियन वेल्स।** सर्बियाई स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में पांच वर्ष बाद वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच पर जीत दर्ज की है। शनिवार को खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने अलेक्जेंडर को 6-2, 5-7, 6-3 से हराया।

चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम एकल का खिताब जीतने वाले जोकोविच की एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज स्पर्धा में यह 400वीं जीत है। वह यह कारनामा करने वाले स्पेन के राफेल नडाल के बाद दूसरे खिलाड़ी हैं। इंडियन वेल्स में 2019 के बाद पहली बार खेल रहे जोकोविच इस टूर्नामेंट में पांच बार के पूर्व चैंपियन हैं। वहीं महिला वर्ग में अमेरिका की टेनिस स्टार कोको गॉफ फ्रांस की क्लारा बुरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर अगले दौर में पहुंच गई है तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने तीसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्लारा पर जीत दर्ज की। अगले दौर में गॉफ का मुकाबला इटली की लूसिया ब्रोंजेटी से होगा। इससे पहले लूसिया ने एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया।

# चिराग-सात्विक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

## लक्ष्य सेन हारकर बाहर



**पेरिस (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्हें पहले खिताब की तलाश है और फ्रेंच ओपन में वह इस सूखे को खत्म करना चाहेंगे। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया।

**सात्विक-चिराग ने बदला पूरा किया**

सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

# दूसरा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया 202 रन तो न्यूजीलैंड जीत से 6 विकेट दूर



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** मैट हेनरी और बेन सीयर्स की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के 77 रन पर चार विकेट गिरा कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में रचिन रविंद्र 82 रन, टॉम लेथम 73 रन, केन विलियमसन 51 रनों की अर्धशतकीय पारियों और स्कॉट कुग्गेलिन की 44 रनों की बदौलत 372 रन का स्कोर खड़ा कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 279 रन का लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने चार विकेट लिये। नेथन लायन को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड और कैमरुप ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने आज दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 77 रन बना लिये है और जीत उससे 202 रन दूर है। वहीं न्यूजीलैंड को जीत के लिए मात्र छह विकेट चटकाने है। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और बेन सीयर्स ने दो-दो विकेट लिये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। कप्तान पैट कमिंस के फैसले कसे सही साबित हुआ।

# टोक्यो के मेडलिस्ट पहलवान पेरिस ओलंपिक रेस से बाहर

## बजरंग को रोहित और रवि को उदित ने नेशनल ट्रायल्स में हराया





**सोनीपत।** टोक्यो ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट बजरंग पूनिया और सिल्वर जीतने वाले रवि दहिया का पेरिस ओलंपिक में खेलने का सपना टूट गया है। दोनों पहलवान रविवार को अंतरराष्ट्रीय चयन ट्रायल के लिये हुए अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए हैं। बजरंग पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित कुमार से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीते थे। सेमीफाइनल में हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की प्रयास किया लेकिन वह तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले के लिए भी नहीं रूके। वहीं पुरुष 57 किग्रा वर्ग मुकाबले में टोक्यों ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया को अमन सेहरावत 13-14 से हार का सामना करना पड़ा। अमन ने आखिरी मिनट में दहिया के दबदबे को खत्म करते हुए मुकाबला जीता। सेमीफाइनल में हारने के बाद बजरंग पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की, लेकिन वह तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले के लिए भी नहीं रुके।

# गतका में पंजाबी यूनिवर्सिटी ने जीता गोल्ड

## पुरुष वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को स्वर्ण



**भोपाल (एजेंसी)।** एलएनसीटी विश्व विद्यालय द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कोलार रोड भोपाल में आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 के तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में सिंगल सोटी टीम फ्री स्टाइल महिला वर्ग में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला की सुमनदीप कौर, हरमंदीप कौर, जसप्रीत कौर, देवेंद्रर कौर ने स्वर्ण पदक, श्रीगुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की दलजीत, राजबीर, राजवीर कौर, ट्रीपंचल प्रीत कौर ने रजत पदक एवं टीएनपीईएस तमिलनाडु की एस. प्रिया, पी. लावण्या, बी अन्नी ट्रेरेसा, एस. संध्या तथा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पटियाला की रमनदीप कौर, बलजिंदर कौर, हरजिंदर कौर ने कांस्य पदक अर्जित किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के इंद्रजीत सिंह, यशप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह ने स्वर्ण पदक, गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा के गुरजीत सिंह, नवजोत सिंह, पवनप्रीत सिंह ने रजत पदक एवं केएल मोदी यूनिवर्सिटी के गोविंद, छोटा राम, मुकेश तथा सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के अभिषेक कुमार, आर्यन, मनीष कुमार, अमित चौधरी ने कांस्य पदक अर्जित किया। मेडल सेरिमनी बिट्टू शर्मा डीएसपी, आलोक खरे ज्वाइन डायरेक्टर डीपीआई, सीजे जोइसन, डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स इंचार्ज डीईओ कार्यालय, देव बल्हारा इंटरनेशनल प्लेयर कॉर्फ वॉल ने किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार जैन ने किया।

## भोपाल पुलिस ने एसबी को 45 रन से हराया

**भोपाल।** पांचवी स्व. एनके राई स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए मुकाबले में भोपाल पुलिस ने एसबी को 45 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल पुलिस ने फिरोज बिट्टू के 41 रन अम्बिया पठान 33 रन की मदद से 18 ओवर में 128 रन बनाए। एसबी की ओर से अमित ने चार विकेट व नरेंद्र ने दो विकेट लिए। जवाब में एसबी की पूरी टीम 17 ओवर में 83 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रोहित 23 रन, भूपेंद्र ने 12 रन बनाए। भोपाल पुलिस की ओर से फिरोज बिट्टू और योगेंद्र को तीन-तीन विकेट मिला, जबकि सुनील 2 विकेट मिला। भोपाल पुलिस के फिरोज बिट्टू मैन ऑफ द मैच चुने गए।



## टीम इंडिया तीनों फॉर्मेट में टॉप पर पहुंची

### ऑस्ट्रेलिया के हाथ से गई नंबर वन की कुर्सी

**दुबई।** भारत ने इंग्लैंड को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला मैच हारने के बाद लगातार चार मुकाबले जीतकर जबरदस्त खेल वापसी की। टीम इंडिया को टेस्ट में जीत हासिल करने का इनाम आईसीसी रैंकिंग में मिला। भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर पांच मैच की सीरीज 4-1 से जीतकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की जगह टेस्ट में नंबर 1 रैंकिंग हासिल किया। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर बनी रहेगी।

# किसी सुबह लगेगा कि फिट नहीं हूं, तो सन्यांस पर सोचूंगा

## टीम इंडिया के कप्तान रोहित ने रिटायर्डमेंट प्लान पर की बात



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने रिटायर्डमेंट प्लान के बारे में बात की। उन्होंने कहा, जब लगेगा कि वे क्रिकेट खेलने के लायक नहीं ,तो वह संन्यास ले लेंगे। पिछले दो-तीन साल से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर किसी दिन मैं जागूं और मुझे महसूस हो कि मैं फिट नहीं हूं, अच्छा नहीं खेल रहा हूं तो मैं बस इस बारे में बोर्ड से बात करूंगा। अभी मैं अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम को फियरलेस बनाना चाहता हूं। खिलाड़ियों के लिए आंकड़े जरूरी है, लेकिन मैं चाहता हूं कि सभी प्लेयर्स निडर क्रिकेट खेले, नंबर्स उनका साथ दे ही देंगे। रोहित ने आगे कहा, मैं टीम में माइलस्टोन के लिए खेलने का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। चाहता हूं कि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा फ्रीडम के साथ खेलें। अगर खिलाड़ी गेम की सिचुएशन पर फोकस करेंगे तो नंबर और माइलस्टोन खुद ही आ जाएंगे। मैं नंबर और आंकड़ों पर ध्यान देने वाला खिलाड़ी नहीं हूं। हां, बड़े रन बनाना भी जरूरी है, लेकिन इस टीम में सिचुएशन के हिसाब से खेलने का कल्चर बन रहा है। मैं इसे ही आगे कन्टीन्यू करवाना चाहता हूं। मेरे खिलाड़ी खुलकर क्रिकेट खेल रहे हैं और यही मेरी सबसे बड़ी जीत है। क्रिकेट में आंकड़ों की अहमियमत को मैं पूरी तरह अपनी टीम से बाहर करना चाहता हूं।

### फियरलेस क्रिकेट खेलना जरूरी

रोहित ने आगे कहा, खिलाड़ी पर्सनल स्कोर पर ध्यान नहीं दे रहे। अगर आप सिचुएशन के हिसाब से खेलेंगे तो नंबर खुद ही आपके साथ रहेंगे। फियरलेस क्रिकेट खेलकर टीम को जीत दिलाना बहुत ज्यादा जरूरी है। फिफ्टी और सेंचुरी भी जरूरी है, लेकिन टीम स्पोर्ट में इन चीजों को मैं फोकस से दूर करना चाहता हूं।

**डब्ल्यूपीएल** | जेमिमा ने खेली 58 रनों की अर्धशतकीय पारी, अंतिम ओवर में शानदार क्षेत्ररक्षण ने पलटी बाजी

# दिल्ली ने रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु को एक रन से हराया

**नई दिल्ली।** जेमिमा रॉड्रिग्स की 58 रनों की अर्धशतकीय पारी और ऐलिस कैप्सी के 48 रनों की पारी और उसके बाद बेहतरीन गेंदबाजी तथा खिलाड़ियों के अंतिम ओवर में शानदार क्षेत्ररक्षण के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के 17वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत बेहद खराब रही और दूसरे ही ओवर में उसने कप्तान स्मृति मंधाना पांच रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद सोफी मोलिन्यू और एलिस पेरी ने पारी को संभाला। सोफी मोलिन्यू 33 रन बनाकर आउट हुई। एलिस पेरी ने 32 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रनों की पारी खेली। सोफी डिवाइन 35 रन बनाकर आउट हुई। ऋचा घोष की 29 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से खेली गई 51 रन पारी के बावजूद आखिरी गेंद पर रन आउट होने के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन ही बना सकी। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 182 रनों का लक्ष्य दिया है। दिल्ली कैपिटल्स महिला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। कप्तान मेग लानिंग और शेफाली वर्मा दिल्ली की अच्छी शुरूआत दी और पहले विकेट लिये 54 रन जोड़े। आशा सोभना ने शेफाली वर्मा 23 रन को आउट कर बेंगलुरु को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद आठवें ओवर में मेग लानिंग 29 रन आउट होकर पवेलियन लौट गई। उन्हें श्रेयंका ने पगबाधा आउट किया।



### जेमिमा ने 36 गेंदों पर जड़े 58 रन

जेमिमा रॉड्रिग्स ने 36 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाये। जेमिमा को 18वें ओवर में श्रेयंका ने बोल्ड आउट किया। ऐलिस कैप्सी ने 32 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 48 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु की ओर से श्रेयंका पाटिल ने चार विकेट लिये आशा सोभना को एक विकेट मिला।

### एक्लेस्टोन और नवगिरे ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन किया

यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

## युवाओं के लिए अंडर 25 सम्मेलन जरूरी : बाबिल

**बैंगलुरू (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान का कहना है कि युवाओं के लिये अंडर 25 सम्मेलन बेहद जरूरी है, जो हमें उन सीमाओं से बाहर निकलने और एक ऐसी ऊर्जा में शामिल होने का अवसर देता है जो हमें बनाने, नया करने, और इंस्पायर होने के लिए प्रेरित करती है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के पुत्र बाबिल खान ने हाल ही में युवा महोत्सव - बेंगलुरु में अंडर 25 समिट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो देश भर के छात्रों, रचनाकारों, कलाकारों और नेताओं को एक मंच पर लाता है। समिट में बाबिल खान के साथ श्रुति हासन, सामंथा रूथ प्रभु, केनी सेबेस्टियन, विक्रांत मैसी, रितविज और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे सह-कलाकार और रचनाकार भी शामिल थे। बाबिल खान ने वहां मौजूद हजारों फैंस से बातचीत की और जीवन और आत्मविश्वास के लिए अपना मंत्र साझा करते हुए कहा, यदि आप जीवन में उलझन महसूस कर रहे है, तो उलझन को गले लगाइए। चमक की ओर भागने की कोशिश मत करो क्योंकि अगर तुम ऐसा करने की कोशिश करोगे, तो तुम्हें चमक नहीं मिलेगी, तुम्हें सिर्फ़ चिंता मिलेगी।



# चिंता दूर करने की दवा प्रीगैबलिन से बढ़ रहीं मौतें

**2018 में इंग्लैंड और वेल्स में प्रीगैबलिन से जुड़ी 187 मौतें हुईं, वहीं 2022 में इस दवा से होने वाली मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक 441 हो गई।**

■ **न्यूयॉर्क, (द कन्वरसेशन)।**

चिंता-घबराहट की समस्या को दूर करने के लिए आमतौर पर दी जाने वाली दवा प्रीगैबलिन से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में इंग्लैंड और वेल्स में प्रीगैबलिन से जुड़ी 187 मौतें हुईं, वहीं 2022 में इस दवा से होने वाली मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक 441 हो गई। हाल की प्रेस रिपोर्ट में इन मौतों को 'जीवन को नुकसान पहुंचाने वाली' दवा के कारण होने वाली 'अमेरिकी शैली की ओपिओइड महामारी' के संकेत के रूप में दर्शाया गया है। यह तर्कसंगत तुलना नहीं है, यह देखते हुए कि ओपिओइड (दर्द निवारक दवा) के कारण हजारों अमेरिकियों की मृत्यु हो गई है। ये रिपोर्ट केवल दवा के बारे में अनुचित दहशत पैदा करने का काम कर सकती है, खासकर उन लोगों में, जिन्हें डॉक्टरों ने उपयोग करने की सलाह दी है।

प्रीगैबलिन (ब्रांड नाम लिरिका और अल्ज़ैन के नाम से भी जाना जाता है) का इस्तेमाल मिर्गी, तंत्रिका संबंधी दर्द और चिता-घबराहट सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। इस दवा को पहली बार 2004 में यूरोप और अमेरिका में इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी गई थी। प्रीगैबलिन में लाभकारी गुण है और यह उत्साह, शांति और सहज अवस्था की भावनाएं पैदा कर सकता है। ये प्रभाव समझा सकते है कि जिन लोगों के पास डॉक्टर का पर्चा नहीं है वे भी प्रीगैबलिन की तलाश क्यों करते है। प्रीगैबलिन अपने आप में आम तौर पर खतरनाक नहीं है, हालांकि सभी दवाओं की तरह इसके संभावित दुष्प्रभाव भी है- जिनमें भ्रम की स्थिति पैदा होना और सिरदर्द भी शामिल है। इसमें लत लगने का जोखिम भी हो सकता है, खासकर अगर लंबे समय तक इसे लिया जाए। लेकिन जहां प्रीगैबलिन खतरनाक हो सकता है, चाहे इसे डॉक्टरी परामर्श से इस्तेमाल किया जाए या नहीं, अगर इसे अन्य दवाओं के साथ लिया जाए तो यह उन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। आदर्श रूप से अन्य ओपिओइड, नींद लाने में कुछ सहायक दवाओं, बेंजोडायजेपाइन (चिता को दूर करने संबंधी दवाएं), मांसपेशियों को आराम देने वाली दवाएं और यहां तक कि मधुमेह और मिर्गी संबंधी कुछ दवाओं के साथ प्रीगैबलिन से बचना चाहिए।

### घातक परिणाम

प्रीगैबलिन से होने वाली मौतों में हालिया वृद्धि आंशिक रूप से दवा निर्धारित करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि के साथ मेल खाती है। अकेले ब्रिटेन में, 2022 में प्रीगैबलिन के लिए 84 लाख नुस्खे लिखे गए। यह 2016 में 55 लाख के आंकड़े से अधिक है। यह सुझाव दे सकता है कि रोगी के जोखिम को कम करने के लिए अधिक सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है-विशेष रूप से अन्य दवाओं के सह-उपयोग के संबंध में। नुस्खे और मरीज दोनों को प्रीगैबलिन के इस्तेमाल के संभावित जोखिमों के बारे में जागरुक करने की आवश्यकता है-जिसमें निर्भरता की संभावना भी शामिल है। मरीजों और चिकित्सकों को उन दवाओं के बारे में भी जागरूक होना चाहिए जिनके साथ प्रीगैबलिन परस्पर क्रिया करता है और ऐसे संयोजनों के प्रभाव हो सकते है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मरीजों को अभी भी इससे लाभ हो रहा है, डॉक्टरों को नियमित रूप से प्रीगैबलिन से संबंधित डॉक्टर के परामर्श की समीक्षा करनी चाहिए।



# ऑस्कर के दौरान प्रदर्शनकारियों को रोकने की योजना तैयार

■ **लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।**

गाजा पट्टी में जारी युद्ध के बीच ऑस्कर आयोजकों ने प्रदर्शनकारियों को 96वें अकादमी पुरस्कार समारोह में बाधा डालने से रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाने की योजना बनाई है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज में कार्यरत एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने गाजा युद्ध के विरोध में प्रदर्शनकारियों के हॉलीवुड और हाईलैंड के आसपास जुटने की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए कहा, हम प्रदर्शनकारियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, हमारे पास कई बैकअप उपाय हैं जिन्हें हम जरूरत पड़ने पर तुरंत सक्रिय कर सकते हैं। डेडलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, नरसंहार के दौरान कोई पुरस्कार नहीं की घोषणा करते हुए फिलिस्तीन समर्थक तथा युद्धविराम समर्थक समूहों ने रविवार को एक्शन ऑन ऑस्कर संडे घोषित किया है। फ़िल्म वर्कर्स फ़ॉर फ़िलिस्तीन और एसएजी-एफ़टीआरए फ़ॉर सीज़फ़ायर ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था, हम लोगों को गाजा में अत्याचारों से मुँह मोड़ने नहीं देंगे। हम कार्रवाई कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कुछ चमक-दमक के लिए फ़िलिस्तीन को नज़रअंदाज नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों को ऑस्कर में सुर्खियाँ बटोरने से रोकने की आयोजकों की योजना को गुप्त रखा जा रहा है। हालाँकि, इरादा यह है कि समारोह में आने वाले लोगों को सड़कों पर उमड़ रहे प्रदर्शनकारियों से दूर रखा जाए।



# देश की 18% आबादी को सहायक उपकरणों की जरूरत

■ **नयी दिल्ली (भाषा)।**

स्वास्थ्य सेवाओं के विशेषज्ञों ने शारीरिक अक्षमता या पुरानी बीमारियों से उबरने में सहायक उपकरणों के लिए भारत की बढ़ती आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की 18 प्रतिशत आबादी को सहायक उपकरण जैसे कि चश्मे, सुनने वाली मशीन, व्हीलचेयर, संचार उपकरण और कृत्रिम अंगों की जरूरत है। उन्होंने हाल में एक कार्यक्रम में इन उत्पादों और इनके उपभोक्ताओं के बीच के अंतर को कम करने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान और भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हुए '8वें नेशनल हेल्थ राइटर्स एंड इन्फ्लूएंसर्स कन्वेंशन' में 'सहायक प्रौद्योगिकियों के लिए बढ़ती आवश्यकता' पर एक सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की मदद करने के लिए सहायक उपकरणों की बड़ी मांग है। इन लोगों को शारीरिक अक्षमता, बढ़ती उम्र या पुरानी बीमारियों से निपटने के लिए इन उपकरणों की आवश्यकता है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व महानिदेशक डॉ. आर के श्रीवास्तव ने बताया कि भारत की 18 प्रतिशत आबादी को सहायक उपकरण जैसे कि चश्मे, कान की मशीन (हियरिंग ऐड्स), व्हीलचेयर, संचार उपकरण और कृत्रिम अंगों की जरूरत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की उप महानिदेशक और वैज्ञानिक डॉ. आशु ग्रोवर ने कहा कि आईसीएमआर और अन्य साझेदारों ने भारत के लिए प्राथमिकता के आधार पर कुछ सहायक उपकरणों की पहचान की है और वे देश में उनके विनिर्माण व आपूर्ति पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि नवीन उत्पादों और उनके उपयोगकर्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान महत्वपूर्ण है। ग्रोवर ने सहायक उपकरणों की प्रभावशीलता, उनके किफायती होने तथा सुगमता सुनिश्चित करने के लिए पक्षकारों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।





## लक्ष्मी मांचू ने मनाया 'हैप्पी संडे'



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने फैंस को अपने रविवार के नाश्ते की एक झलक दिखाई, इसमें वह कुरकुरे डोसे और गरमागरम सांभर का आनंद ले रही हैं। लक्ष्मी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट शेयर की, इसमें उनके रविवार के नाश्ते ही झलक देखी जा सकती है। एक्ट्रेस अपनी डाइनिंग टेबल पर बैठकर भोजन का आनंद लेती दिखाई दे रही हैं। लक्ष्मी ने कैमरे की ओर देखते हुए कहा, आपका रविवार कैसा है? क्या आप कुरकुरे डोसे की आवाज सुन सकते हैं, सांभर चटनी। उन्होंने कहा, मुझे डोसा और सांभर डालने दीजिए, आप सभी को हैप्पी संडे।लक्ष्मी को पिछली बार मोहनलाल-स्टारर मलयालम फिल्म 'मॉन्स्टर' में देखा गया था, जो एक एक्शन थ्रिलर थी। फिल्म में हनी रोज, सुदेव नायर, सिद्दीकी, के.बी. गणेश कुमार, लीना, जॉनी एंटनी और जगपति बाबू भी हैं।

# नींद की कमी का पता लगाएगा ब्लड टेस्ट



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक ब्लड टेस्ट डेवलप किया है जो यह पता लगा सकता है कि कोई व्यक्ति 24 घंटों से सोया नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में मोनाश विश्वविद्यालय और ब्रिटेन में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के अनुसार, नींद की कमी से गंभीर बीमारी या मृत्यु का खतरा भी बढ़ सकता है। साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, बायोमार्कर टेस्ट से पता लग सकता है कि कोई व्यक्ति 24 घंटे तक जाग रहा था या नहीं। ब्रिटेन में बर्मिंघम विश्वविद्यालय में नींद और सर्कैडियन विज्ञान के प्रोफेसर क्लेयर एंडरसन ने कहा, वैज्ञानिकों के लिए यह वास्तव में एक रोमांचक खोज है, और अपर्याप्त नींद से संबंधित स्वास्थ्य प्रबंधन में परिवर्तनकारी हो सकती है। दुनिया भर में लगभग 20 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं नींद की कमी के कारण होती है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि यह खोज नींद से वंचित ड्राइवरों की आसानी से पहचान कर सकती है जिससे भविष्य में इस मामले का आसानी से उपचार हो।
एंडरसन ने कहा, इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि पांच घंटे से कम नींद असुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ी है, लेकिन 24 घंटे जागने के बाद गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाने से कहीं ज्यादा खतरनाक है। यह टेस्ट भविष्य में फोरेंसिक उपयोग के लिए भी हो सकता है लेकिन आगे सत्यापन की आवश्यकता है। यह नींद की कमी का बायोमार्कर टेस्ट 24 घंटे या उससे अधिक जागने पर आधारित है, लेकिन 18 घंटे तक जागने का पता भी लगा सकता है।

## राजकुमार राव ने कहा, 'मां आपकी रोज याद आती है'

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर राजकुमार राव ने अपनी मां की आठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए एक्टर ने कहा, 'आपकी हर रोज याद आती है।' राजकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ अपनी शादी के दिन की एक फोटो शेयर की। फोटो में वह अपनी मां की तस्वीर के सामने खड़े हैं, जबकि उनकी पत्नी की पीठ कैमरे की ओर है। राजकुमार ने तस्वीर को कैप्शन दिया, मां आप इस दुनिया में हमेशा सबसे अच्छी मां रहेंगी । मैं जानता हूं कि आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। आपकी हर रोज याद आती है। मैं आपको हमेशा प्यार करता रहूंगा।

## 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की आने वाली फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है ।यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए है, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म 'द गोट लाइफ' लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है।

पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक'द गोट लाइफ'एक अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है।

## भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' के टाइटल पर सेंसर बोर्ड को ऐतराज

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह,निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की बहुप्रतीक्षित फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि उन्हें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी)से एक कॉल आया था, जिसमें पहले रिलीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने के कारण फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। जल्द ही हम अपने विकल्प तलाशेंगे। मै शीर्षक बदलने को तैयार नहीं हूं क्योंकि यह अव्यावहारिक होगा। शीर्षक पूरी तरह मेरा है, और यह भोजपुरी में है। फिल्म रंग दे बसंती में खेसारीलाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में है।

## आलिया, शशांक के साथ बेहतर अनुभव



**मुंबई (आईएएनएस)।** फिल्म 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' की रिलीज को आज सात साल पूरे हो गए हैं। इस पर खुशी जताते हुए एक्टर वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने बताया कि फिल्म में अपनी को-स्टार आलिया भट्ट और निर्देशक शशांक खेतान के साथ काम करना बेहतर अनुभव रहा। वरुण ने इंस्टाग्राम पर 2017 की फिल्म से कुछ क्लिप शेयर किए। जिसे मूल रूप से धर्मा मूवीज ने शेयर किया था। क्लिप में उन्होंने लिखा, 7 साल पहले आलिया भट्ट और निर्देशक शशांक खेतान के साथ 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' में काम करने का आनंद लिया। इसके बाद उन्होंने आलिया के साथ खुद को दिखाते हुए एक कोलाज शेयर किया। जिसे कैप्शन दिया, बद्री और वैदेही के 7 साल।



## रकुल ने 'नो फिल्टर' फोटो शेयर की

**मुंबई (आईएएनएस)।** हाल ही में जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधी एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने फैंस के लिए नो फिल्टर वाली अपनी एक फोटो शेयर की। रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक क्लोज अप सेल्फी शेयर की। फोटो में वह अपनी दमकती त्वचा को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। कैप्शन में लिखा, नो फिल्टर संडे एक्ट्रेस ने अपने प्रति प्यार जताते हुए लिखा, बस हर दिन अपने आप को थोड़ा अतिरिक्त प्यार करने की याद दिलाने के लिए। रकुल प्रीत ने 21 फरवरी को अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी के साथ गोवा में शादी की थी। उनकी शादी सिख परंपरा में 'आनंद कारज' और सिंधी रीति- रिवाज से हुई थी। रकुल प्रीत के पास 'मेरी पत्नी का रीमेक' और 'इंडियन 2' पाइपलाइन में हैं।



## आलिया
### ऐश्वर्या, प्रियंका व दीपिका से लेती हूं प्ररेणा

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया,भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की इन अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत रही है। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार है जो मेरी दोस्त भी है। मै भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है।' आलिया ने कहा,'मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे है जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा है।

# मातृशक्ति वंदन एवं स्वयं सिद्धा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह के हाथों जनपद की 201 शिक्षिकाओं को मिला स्वयंसिद्धा सम्मान, शिक्षिकाओं के सम्मान हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रत्येक वर्ष करेगा यह आयोजन**



प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी एवं समाज विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में मातृ शक्ति वंदन व स्वंय सिद्धा सम्मान समारोह के अंतर्गत शाश्वत जीवन मूल्य संवर्धन में महिला शिक्षिकाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन पाणिनि सभागार, संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मे किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर से उठकर अपनी कर्मठता,लगनशीलता एवं समर्पण भाव से शिक्षा एवं समाज जीवन में गुणात्मक एवं रचनात्मक परिवर्तन ला रहीं शिक्षिकाओं को प्रत्येक वर्ष स्वयंसिद्धा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने का इस वर्ष से शुरूआत किया गया।

मातृशक्ति वंदन एवं स्वयंसिद्धा सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती दर्शना सिंह ( सासंद , राज्यसभा),अध्यक्ष प्रो मंजू द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि प्रो अलका सिंह, मुख्य वक्ता प्रो शैलेश मिश्र, विशिष्ट अतिथि डा अरविंद कुमार पाठक व प्राचार्य डायट सारनाथ उमेश कुमार शुक्ल जी ने दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

कार्यक्रम के विषय की प्रस्तावना राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी की जिलाध्यक्ष डा० रमा रूखैयार द्वारा संचालन प्रदेश संयुक्त शशांक कुमार पाण्डेय द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला विंग की कार्यकारी जिलाध्यक्ष छवि अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद वाराणसी की 201 शिक्षिकाओं को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रीमती दर्शना सिंह (सांसद, राज्यसभा) ने कहा कि भारत वर्ष एक सम्पन्न परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध देश है, जहां महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में महिलाएँ अपने जीवन में दो चीजों से गुजरी हैं, एक है अधीनता और मुक्ति। समय के साथ-साथ उनकी स्थिति भले ही बदल गई हो परंतु वैदिक युग में उन्हें नश्वरता और आदर्शों का रक्षक और संरक्षक माना जाता था।मूल्यों के संरक्षण में संस्कार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है- घर में माँ के रूप में, कार्यस्थल पर प्रशासक के रूप में, विद्यालय में शिक्षिका के रूप में संस्कारित करने का दायित्व महिलाएँ निभाती हैं।

उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरू बनाने में आप शिक्षिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले ने जिस प्रकार की शिक्षा की नींव रखी थी वो आज भी अनुकरणीय है। विशिष्ट अतिथि डा अरविंद कुमार पाठक, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हमें ऐसे मनुष्य का निर्माण करना होता है जो स्वेच्छा से। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डायट सारनाथ उमेश कुमार शुक्ल ने कहा कि आज मेरे संस्थान में सबसे ज्यादा डीएलएड की छात्र लड़कियां हैं जो नारी सशक्तिकरण के लिए एक सुखद विषय है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा संवर्ग के प्रोफेसर उदयन मिश्र, (संयुक्त महामंत्री), संजय पांडे, डॉक्टर भावना, डॉक्टर ऐश्वर्या, डॉक्टर सुमन, डॉ नेहा, डॉ शशि कला डॉक्टर मीना, संस्कृत इकाई की राधारानी, प्रीति दूबे, पूजा मिश्र, गोविंद मिश्र, अशोक, प्राथमिक संवर्ग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, महामंत्री आनंद कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल, उपाध्यक्ष आशा पाठक, महिला विंग की महामंत्री डा० कुमुद सिंह,अमिताभ , आशुतोष पाण्डेय,दिनेश चंद, रितु ओबेरॉय ,अनुराधा भार्गव ,संजीव त्रिपाठी, पवन सिंह,शालिनी जायसवाल ,अरविंद द्विवेदी , संजय पांडेय ,कमलेश यादव, अजय सिंह, संजय गुप्ता , अरविंद चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में उच्च, प्राथमिक, एवं माध्यमिक संवर्ग के शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## दवा प्रतिनिधियों की लखनऊ रैली में जिले से पहुंचे 52 साथी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिनाँक 11 मार्च 2024 दिन सोमवार को दवा प्रतिनिधियों के राज्य संगठन उत्तर प्रदेश एंड उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एशोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को लखनऊ में एक विशाल रैली काआयोजन हुआ। रैली में गाजीपुर से 52 साथी उपस्थित हुए। रैली लखनऊ के इको गार्डन में सभा मे परिवर्तित हुई जिसमें वर्तमान समय मे दवा प्रतिनिधियों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन के महामंत्री साथी विमेश मिश्रा ने बताया कि वर्तमान केंद्र सरकार ने बड़े पूंजीपतियों को खुश करने व उनके दबाव में मजदूरों के लिए मौजूदा 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम कोड लाने का काम कर रही है। जिसके खिलाफ पच्चीस सूत्रीय मांगों जिसमें एसपीई एक्ट 1976 को लागू करने, दवा प्रतिनिधियों के लिए कार्य की नियमावली तय करने, अस्पतालों में स्वतंत्र रूप से काम करने, दवाओं पर से जीएसटी टैक्स हटाने, डाटा प्राइवेसी को सुरक्षित करने, दवा प्रतिनिधियों पर सेल्स के नाम पर शोषण को खत्म करने, गैजेट्स के इस्तेमाल में ट्रैकिंग व



सर्विलांस पर रोक लगाने, कार्यस्थल पर बिना रुकावट प्रवेश सुनिश्चित करने संबंधी मांगें हैं कंपनियों द्वारा गैर कानूनी स्थानांतरण को रोकने उत्तर प्रदेश में न्यूनतम वेतन 26000 करने दवा प्रतिनिधियों को वर्कमैन का दर्जा, बोनस सुनिश्चित करने, उनके बीमा और सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने को लेकर पूरे प्रदेश से दवा प्रतिनिधि एक विशाल रैली में उपस्थित हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रग एन्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1954 के तहत यह निर्देश भी दिया कि एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ही अस्पतालों व डॉक्टरों को दवा की गुणवत्ता, प्रचार प्रसार कर सकता है दूसरा कोई नहीं भले ही कोई दवा कम्पनी का मैनेजर हो अथवा मालिक हो। उन्होंने बताया कि सेल्स के नाम पर दवा प्रतिनिधियों पर दवा कंपनियों द्वारा लगातार वेतन रोकना, ट्रांसफर, सेवा बर्खास्तगी इत्यादि करती हैं जोकि पूरी तरह से गलत है, सेल्स एक संयुक्त जिम्मेदारी है केवल अकेले दवा प्रतिनिधि की नहीं, उन्होंने दवा प्रतिनिधियों को अपनी चेतना बढ़ाते हुए एकजुटता के साथ, भाईचारे के साथ काम करने पर जोर दिया।

## देश की धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा बन गयी है भाजपा सरकार : अनवार अहमद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की बैठक जिलाध्यक्ष तौकीर खां की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर पर आयोजित हुई। बैठक आरंभ होने के पूर्व अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष तौकीर खां सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अनवार अहमद साहब, प्रदेश सचिव वाजिद शेख का का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। संगठन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर भाजपा की झूठ और प्रोपेगण्डा की राजनीति के खिलाफ जनजागरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और नफरत की सियासत करती है। हम सबको भाजपा की मजहबी




फितूर से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की साम्प्रदायिक सोच के चलते इस देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि देश की गंगा जमुनी तहजीब और सामाजिक और साम्प्रदायिक सद्भाव की रक्षा के लिए हम सबको एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी नीतियों के बल पर ही देश में खुशहाली लायी जा सकती है। इस बैठक में मुख्य रूप से अमानुल हक अब्बासी, अय्यूब खां, आमिर अली, विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, तहसीन अहमद, जमाल खान मिट्ठू, नसीम राइन, रिजवान सिद्दीकी, सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे। इस बैठक का संचालन जिला महासचिव अकबर खान ने किया।

## दौड़ में दीपक, कबड्डी में रोशनी, खो खो में सुप्रिया तथा रिले रेस में विवेक ने झटका खिताब

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सदर विकासखंड के स्टेशन रोड स्थित अभिनव सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमे 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान दीपक बिन्द, द्वितीय स्थान संस्कार बिन्द, तृतीय स्थान राज बिन्द ने प्राप्त किया। कबड्डी महिला वर्ग में विजेता कबड्डी कप्तान रोशनी कुमारी की टीम और उपविजेता कबड्डी कप्तान रितु यादव की टीम रही। खो- खो में विजेता खो- खो कप्तान सुप्रिया यादव की टीम और उपविजेता खो -खो कप्तान अनीता कुमारी की टीम रही। रिले रेस में विजेता रिले रेस कप्तान विवेक बिन्द की टीम और उपविजेता खो - खो कप्तान अंगद यादव की टीम रही।इस मौके पर अभिनव सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पूनम सिंह मैडम ने कहाँ की विभिन्न खेलों के खेलने से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। खेल का महत्व इतना महत्वपूर्ण है कि इसके बिना हमारा जीवन अधूरा माना जा सकता है। पढ़ाई के साथ खेल भी है जरुरी। अभिनव सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज सर ने कहाँ की हमें बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और घर तथा स्कूली स्तर पर शिक्षकों और अभिभावकों की समान भागीदारी के द्वारा उनकी खेलों में रुचि को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए। आज के समय में स्पोर्ट्स और खेल बहुत ही रुचिकर हो गए हैं और किसी के भी द्वारा किसी भी समय खेले जा सकते हैं हालांकि, पढ़ाई और अन्य किसी में भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इनका बचपन से ही अभ्यास होना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना राय ने कहाँ की खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। यह हमारे स्वास्थ्य, मनोविज्ञानिक विकास और सामाजिक विकास के लिए एक संपूर्ण उपाय है। खेल के खेलने से हमारा शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है और हमें ऊर्जा से भर देता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है। और ब्लॉक स्तरीय खेल ओलंपिक खेलो की



ओर जाने की पहली सीढ़ी है यही वह सुनहरी सीधी है जो बच्चों का खेल के प्रति जागरुक कर उनका मनोबल बढ़ता है और आगे खेलने के लिए प्रोत्साहित करता है और खेलो इंडिया में भी जाना चाहिए जब खेल में रूचि है। नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षक रामाधार यादव ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये और कहाँ की खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। जब हम खेल में भाग लेते हैं, तो हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है। इससे हमारे अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं।

# काशी में हुई महिला नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन महिलाओं ने बढ़ -चढ़कर लिया हिस्सा

प्रखर वाराणसी। विश्वमांगल्य सभा के तत्वाधान में काशी के पंचगंगा घाट पर महिला नौका दौड़ का किया गया आयोजन यह कार्यक्रम विश्वमांगल्य सभा की काशी इकाई द्वारा महिला नौका दौड़ रूपी सामजिकता और सौहार्द के रूप में महिलाओं के उत्थान तथा समानता के आधार को ध्यान में रखकर मनाया गया` कार्यक्रम का प्रारंभ पुनम मौर्या, अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित से हुआ , शिवांगिनी द्विवेदी, अभिलाष , आंनद प्रभा, श्रुति देशपांडे आदि मातृशक्ति की मंच पर उपस्थिति रही।




सुश्री शिवांगीनी ने अपने वक्तव्य में कहा की माता का मातृत्व भाव स्थायी करना तथा समाज व राष्ट्र का उत्थान करना मातृशक्ति का प्रथम कर्तव्य है उन्होंने बताया कि काशी की महिलाओं ने इतिहास रच दिया है` उत्तर भारत की पहली महिला नौका दौड़ प्रतियोगिता में हमारी नारीशक्ति ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि वह जननी भी हैं और पालकपोषिणी भी हैं लगभग 20 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने स्पर्धा में भाग लिया और आगे भी ऐसी प्रतियोगिता होती रहेंगी जिससे महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़े एवं उनकी योग्यता में निखार आता रहे। कार्यक्रम में विश्वमांग्लय सभा की उत्तर प्रदेश संयोजिका श्रीमती प्रियंका ,सहकार भारती के विपणन प्रमुख सुरेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक जनपदों से आयी सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया ` कार्यक्रम के आयोजन में काशी प्रांत की विश्वमांग्लय सभा की कार्यकत्ताओं व स्वयं सेवको का विशेष योगदान रहा। प्रथम पुरस्कार साधना साहनी को 15000 द्वितीय पुरस्कार नैना साहनी 10000 तृतीय पुरस्कार नेहा साहनी 7500 चौथा पुरस्कार गौरी साहनी 5000 पांचवा पुरस्कार राजेश्वरी मांझी 2500 छतवान पुरस्कार मीनू देवी 1500 एवं अन्य महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# गोरखपुर में हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन

**केंद्र सरकार सवैधानिक प्रक्रिया से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की इच्छाशक्ति दिखाए! - सद्गुरु निलेश सिंगबाल, धर्मप्रचारक, हिन्दू जनजागृति समिति**

प्रखर गोरखपुर। भारत को हिन्दू राष्ट्र कैसे घोषित किया जाए इस पर विचार मंथन एवं कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन गोरखपुर में तारा मण्डल स्थित रजवाड़ा सभागृह मे किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ शंखनाद, दीपप्रज्वलन एवं वेदमंत्रपठन से हुआ। हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबालजी ने कहा कि श्रीराम मंदिर मे मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा यह सूक्ष्म स्तर पर हिन्दू राष्ट्र स्थापना का आरंभ है। छद्म धर्मनिरपेक्षता के नामपर गत 70 वर्ष हिंदुओं का हो रहा दमन अब हिन्दू पहचान रहा है तथा हिन्दू राष्ट्र की मांग बढ़ रही है` संवैधानिक व्यवस्था में लोकेच्छा को अर्थात बहुमत को प्रधानता होती है तथा उसके अनुसार लोगों के लिए अभिप्रेत राजतंत्र बनाने का प्रावधान होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 बी' में ऐसा प्रावधान है; इसलिए केंद्र सरकार संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की दृढ इच्छाशक्ति दिखाएं। इस अधिवेशन में ब्राह्मण विचार मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता



पंडित शेषनारायण पांडेय, ब्रह्मविद्या संस्थान के धर्मनिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मी शंकर शुक्ला, गोरखपुर ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष श्री. सेतबंध रामेश्वर मिश्र, गायत्री शक्तिपीठ के गोरखपुर अध्यक्ष श्री. ज्योति भूषण राय, शिवराष्ट्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. रितेश आल्हा, चित्रगुप्त सभा के डॉक्टर अजय राय आदि मान्यवरों ने हिन्दू राष्ट्र की स्थापना में आनेवाली विभिन्न समस्या एवम उपायों पर उद्बोधन किया। अधिवेशन में भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने; लव जिहाद, धर्मांतरण एवं गोवंश हत्या के विरुद्ध कठोर कानून बनाने; हलाल सर्टिफिकेशन पर पूरे देश में प्रतिबंध लगाने; मंदिरों का सरकारीकरण निरस्त करने; प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट एवं वक्फ कानूनों को निरस्त करने; जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने; कश्मीरी हिन्दुओं का पुनर्वास आदि विषयों महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव अधिवेशन में पारित किया गया। अधिवेशन में मंदिर संस्कृति रक्षा एवं संवर्धन के लिए अधिक से अधिक मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू करने का लक्ष्य निश?चित किया गया है। अधिवेशन में मंदिरों का सरकारी नियंत्रण, मंदिर क्षेत्र में हो रहा भ्रष्टाचार, मंदिरों की परंपराओं में हो रहा सरकारी हस्तक्षेप इसके विरुद्ध मंदिरों को संगठित करने का तथा मंदिर सुप्रबंधन हेतु भविष्य में मंदिर-न्यास परिषद निर्माण करने का तय किया गया। हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के उद्देश्य से हिन्दूहित के उपक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जिला, राज्य स्तर पर हिन्दू संगठनों का एकत्रीकरण कर हिन्दू राष्ट्र समन्वय समितियों की स्थापना की जाएगी। इस अधिवेशन में हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्ता, संतजन, मंदिर न्यासी, उद्योगपति आदि 75 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वाराणसी न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के न्यूरोसर्जन एवं न्यूरोलॉजिस्ट की राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। शहर के कैंटोनमेंट स्थित होटल रमाडा में वाराणसी न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के न्यूरोसर्जन एवं न्यूरोलॉजिस्ट की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया` संगोष्ठी के प्रारम्भ में दी हेल्थसिटी के ऑपरेशन थिएटर से इंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी का सजीव प्रसारण किया गया जिसमें डॉक्टर राकेश सिंह (चेयरमैन - दी हेल्थसिटी / दी न्यूरोसिटी/) ने ऑपरेशन की बारीकियों व जटिलताओं पर चर्चा की` इस संगोष्ठी में ब्रेन एवम् स्पाइन में होने वाली विकृतियों और बीमारियों उनके इलाज की अलग-अलग विधियां उनके इलाज में उपयोग में आने वाले अलग- अलग उपकरण और अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों के बारे में देश के वरिष्ठ एवं सुविख्यात न्यूरोसर्जन तथा न्यूरोलॉजिस्ट के द्वारा गहन विमर्श किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ताओं में प्रोफेसर ए. के. महापात्रा (निदेशक एम्स, भुबनेश्वर), प्रोफेसर भवानी शंकर शर्मा (निदेशक न्यूरोसाइंसेस, एम्.जी. हॉस्पिटल, जयपुर), प्रोफेसर देबाशीष चौधरी (अध्यक्ष कअठ), प्रोफेसर शशांक शरद काले (विभागाध्यक्ष झन्यूरोसर्जरी, एम्स - दिल्ली), प्रोफेसर दलजीत सिंह (अध्यक्ष ठरक), प्रोफेसर मन मोहन मेहंदीरत्ता (निदेशक-न्यूरोलोजी विभाग, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली),प्रोफेसर मीना गुप्ता (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट, पारस हॉस्पिटल गुरुग्राम), डा. संतोष त्रिपाठी (इंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, मेट्रो हॉस्पिटल, ग्वालियर), प्रोफेसर शाकिर हुसैन हाकिम (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट, बेबी हॉस्पिटल, कालीकट, केरला), डॉ. विनीत सूरी (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट, इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली) तथा डा. एस. के. राजन (अतिरिक्त निदेशक, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम) रहे` संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र जायसवाल (राज्य मंत्री, स्टाम्प व न्याय शुल्क एवं पंजीयन विभाग), विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर एस. एन. संखवार (निदेशक - इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बी.एच.यू.) ने दीप प्रज्ज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इस संगोष्ठी में देशभर के 300 से ज्यादा न्यूरो विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी यू ट्यूब चैनल प्रमोट करने का झांसा देकर पिता पुत्र ने युवक से ठगे 4.50 लाख रुपए

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के दरघाट निवासी अविनाश पासवान से खलंगा ग्राम सभा बुदहट निवासी सक्षम यादव पुत्र दुष्यंत यादव ने फ्राड तरीके से चैनल प्रमोट करने तथा पैसा दुगना करने का लालच देकर कई अलग अलग लोगो के खाते में कुल 4 लाख पचास हजार रूपए लॉनलाइन पेमेंट के माध्यम से लिया ,कुछ महीनों बाद पैसा वापस मांगने पर ऊल जलूल जवाब देता है तथा आज कल पर टालता रहा कई बार फोन करने जान माल की धमकी दे रहा है इस प्रकरण के बारे में थाना अध्यक्ष विशाल उपाध्याय से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है! पीड़ित ने बताया कि ये पिता पुत्र ने क्षेत्र के कई अन्य लोगों से भी ठगी किए है तथा अभी तक 3 लोगों ने ही पुलिस को सूचना दिया है , ये अन्य पीड़ित गोरेडीह निवासी आनंद यादव पुत्र पारसनाथ यादव का भी लगभग 60 हजार इसी तरह से ठगी किया बाद में पैसा मांगने पर धमकी तथा ऊल जलूल बात करता है तथा आज कल देने पर तथा रहता है जिसकी कॉल रिकार्डिंग सुरक्षित है , एक अन्य पीड़ित हरपुर निवासी से भी 1 लाख 80 हजार रुपए इसी तरीके से ठगी किए हैं! पीड़ित ने बताया पूरा परिवार फोन पर बरगला कर रुपए मांगता था!

### गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगेनाईजेशन के अध्यक्ष बने चंद्रिका यादव व राम लखन राम मंत्री



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगेनाईजेशन यूपी जनपद शाखा ऑडिट भवन कलेक्टट गाजीपुर की मासिक बैठक सोमवार को आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता विंध्याचल यादव एवं संचालन जिला मंत्री जटाशंकर मौर्य ने किया संघ को मजबूत सहयोग के लिए कुछ पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। जिसमे चंद्रिका सिंह यादव सिंचाई विभाग को कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं राम लखन राजस्व विभाग को कार्यकारी मंत्री के रूप में सभी पदाधिकारी एवम सदस्यों ने एक स्वर से समर्थन दिया अन्त में पद और गोपनीयता की शपथ संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर ओझा ने कराया। बैठक में तारकेश्वर नाथ, केसरी, बजरंगी बिंद, राजदेव यादव, चंद्रपति यादव, भरत यादव, लाल जी पांडे, हनुमान राम, कल्पनाथ, सुखराम, नंदलाल, रामबचन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने सत्यनारायण राम व रविन्द्र कुमार राव सचिव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी एवं पोस्टमैन यूनियन का द्विवार्षिक अधिवेशन सत्यनरायन राम की अध्यक्षता में शहर स्थित एक मैरेज हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामरेड एस बी यादव कनफेडरेशन के महासचिव दिल्ली के देख-रेख में ग्रुप सी के अध्यक्ष पद पर सत्यनरायन राम, सचिव पद पर रविन्द्र कुमार राव, पोस्टमैन में अध्यक्ष पद पर विशवानन्द तिवारी व सचिव पद पर जनार्दन सिंह यादव को आम सहमति से नवनिर्वाचित किया गया। सभा का संचालन रविन्द्र कुमार राव सचिव ग्रुप सी द्वारा मजदूर एकता जिंदाबाद, कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारा के साथ किया गया। उक्त अवसर पर मजदूर नेता कामरेड आर.एन. पराशर, कामरेड श्रीनाथ यादव, अवधेश यादव, दीपक, बब्बन सिंह, विकास शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद में मारपीट,के दौरान एसआई की मौत, नामजद सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। थाना क्षेत्र के भीटी रावत में शनिवार को जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान छुट्टी पर आए उपनिरीक्षक को सिने में चोट लग जाने के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एसआई के भाई ने पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के नामजद सात लोगों पर केस दर्ज कराया है। सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत निवासी बालकेश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई (49) वीरेंद्र कुमार यादव लखीमपुर खीरी जिला कारागार में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। वर्तमान में वह छुट्टी लेकर घर आए थे।गांव के कुछ लोगों से उनकी जमीन को लेकर पहले से ही रंजिश चल रही थी। शनिवार को आरोपित पक्ष जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। वीरेन्द्र ने रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि विपक्षियों ने उपनिरीक्षक और उनके भाई पर लाठी-डंडे से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर परिजन वीरेन्द्र कुमार को निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है मृतक के भाई बालकेश यादव की शिकायत पर सतपाल यादव, योगेंद्र यादव,इंद्रमणि यादव, सूर्यमणि यादव,प्रमिला देवी, रिंकी, झिनी के खिलाफ हत्या, बलवा मारपीट का केस दर्ज कर लिया,गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवां मदन मोहन मिश्रा ने बताया 7 लोगों पर हत्या,बलवा,मारपीट का केस दर्ज किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779, +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं